शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 81 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 17 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## श्रीलंका और यूएई को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज के निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को 20 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। सरकार के इस फैसले के तहत दोनों देशों को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 15 अप्रैल को जारी एक अधिसूचना में संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10 हजार मीट्रिक टन (एमटी) प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसके साथ ही नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से श्रीलंका को भी 10 हजार मीट्रिक टन प्याज की अनुमति प्रदान की गई है। यूएई को प्याज के निर्यात की यह अनुमति पहले दी गई 24,400 मीट्रिक टन से अतिरिक्त है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाने के बाद बांग्लादेश को 50 हजार मीट्रिक टन, संयुक्त अरब अमीरात को 34,400 मीट्रिक टन, श्रीलंका को 10 हजार मीट्रिक टन, बहरीन को 3 हजार मीट्रिक टन, मॉरीशस को 1,200 मीट्रिक टन और भूटान को 550 मीट्रिक टन प्याज की अनुमति दे चुकी है।

दरअसल, केंद्र सरकार ने घरेलू महंगाई को काबू करने के लिए 7 दिसंबर, 2023 की देर रात प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे 23 मार्च को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है।

## लॉरेंस बिश्नोई को खत्म कर देंगे: मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई**
बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग होने के कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनसे मिलने उनके घर गैलक्सी आपर्टमेंट पहुंचे। सीएम एकनाथ ने सलमान खान के साथ-साथ उनके पिता सलीम खान से भी मुलाकात की और घटना पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही एक्टर के घर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। सलमान खान से मिलने के बाद एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों से कहा 'मैंने सलमान खान से कहा है कि सरकार आपके साथ है, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी।

# 'घमंडिया गठबंधन का संस्कार भारतीय नहीं'

## योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय में तैयार की गई और सशस्त्र बलों पर थोपी गई है

**पूर्णिया**
**बिहार का** पूर्णिया कृषि उत्पादन जिला है। जहां लगभग 70 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी हुई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को साधने की कोशिश की है। साथ ही पीएम मोदी ने किसानों की बड़ी-बड़ी उपलब्धियां गिनाईं। हालांकि पीएम ने युवाओं के लिए रोजगार पर बात नहीं की। पीएम ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा बिहार और पूर्णिया के पास सामर्थ्य की कभी कमी नहीं रही। यहां का किसान मक्का, जूट, मखाने की खेती भी खूब करते है। बीते 10 साल में जूट की एमएसपी बढ़ाई है। देश का 30 फीसदी मखाना पूर्णिया के किसान पैदा करते हैं। भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा कि एनडीए सरकार मखाने को सुपर फूड के रूप में प्रमोट कर रही है। मोटे अनाज का दुनियाभर में प्रमोशन किया। जी20 में दुनियाभर के मेहमानों को मोटा अनाज खिलाया, जिसे श्रीअनाज कहा। इसका फायदा किसानों तक पहुंच रहा है।

पीएम मोदी ने कहा- "कल राम नवमी का पावन पर्व है। सूर्य की किरणें कल अयोध्या में राम लला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। लेकिन, घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी हैं। जो लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वे आज राम मंदिर पर कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं! एक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए इनलोगों ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। यह हमारे देश के संस्कार नहीं हैं। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। इस घमंडिया गठबंधन के एक नेता कांग्रेस के युवराज तो खुलेआम कहते हैं कि वो हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। आज नवरात्रि का पावन पर्व है।



"अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की योजना नहीं है बल्कि नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है"

## 'बाबा साहब भी संविधान नहीं बदल सकते तो हमारी हिम्मत कैसे?

**गया**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मंगलवार को देशभर में पांच रैलियां करने निकले। गया में उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए प्रोटोकॉल भी तोड़ा और माफी भी मांगी। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की जगह खुद माइक संभाल ली। फिर गया और महात्मा बुद्ध की धरती को नमन करते हुए उन्होंने संविधान, राम मंदिर और शक्ति की उपासना पर बात करते हुए विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने लालटेन युग की भी बात की और विकास की तस्वीरें भी दिखाई। इस दौरान उत्साहित लोगों को उन्हें कई बार मोदी-मोदी का नारा लगाने से रोकना भी पड़ा, हालांकि खुद भी उन्होंने कई बार लोगों से अपने अंदाज में सवाल-जवाब भी किया। प्रधानमंत्री ने पहुंचते ही कहा- "विश्व विख्यात ज्ञान और मोक्ष की पवित्र नगरी गया जी के हम प्रणाम करहि। भगवान विष्णु की धरती, भगवान बुद्ध के तपस्थली के हम नमन करहि। यह वह धरती है, जिसने मगध का ऐश्वर्या देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है।" उन्होंने नवरात्र के साथ सम्राट अशोक की भी चर्चा की। कहा- "संयोग से आज जब मैं गयाजी आया हूं तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव की वापसी के लिए आगे बढ़ रहा है।"



## देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला सरकार की नजर में है: पीएम मोदी



**प्रधानमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि** देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला सरकार की नजर में है। यही लोग राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे। आगे उन्होंने भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए बिहार की बात की। उन्होंने कहा कि आपने उस दौर को देखा होगा, जब बिहार में जंगलराज था। नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार बदला। महागठबंधन वाले लोग बिहार में महाजंगलराज की वापसी चाहते हैं। मोदी के रहते यह मुमकिन नहीं हैं। मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो ये कहते हैं भ्रष्टाचार बढ़ाओ। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी। बोले- बिहार में भ्रष्टाचार के विरोध में और बड़ी कर्रवाई होगी।

**पाकिस्तान और विपक्ष की हालत बताई**
प्रधानमंत्री ने उत्साहित भीड़ को अपने समर्थन में नारेबाजी से रोकते हुए कहा कि मेरी आवाज आपतक नहीं पहुंची तो सब बेकार हो जाएगा। उन्होंने विपक्ष से लेकर पाकिस्तान तक की हालत पर बात की। उन्होंने कहा कि पड़ोस के लोग हमला करने आ जाते थे। हमलोगो को गुस्सा आता था। कभी जो देश हमें आंखें दिखाता था, आज वह कटोरा लेकर घूम रहा है।

उन्होंने इंडी एलांयस पर भी बात की। कहा कि भारत में रहकर यह लोग कहते है थे कि राम मंदिर बना तो देश में यह हो जाएगा, वह हो जाएगा।

## अब माल्या-मोदी और संजय भंडारी की खैर नहीं, भगोड़ों के प्रत्यर्पण को लेकर भारत और ब्रिटेन ने की चर्चा

**नई दिल्ली**
भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को आपसी कानूनी सहायता संधि के तहत कार्रवाई में तेजी लाने पर चर्चा की। भगोड़ों से संबंधित प्रत्यर्पण अनुरोधों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी दोनों देशों में बातचीत हुई। सोमवार को ब्रिटेन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की सीबीआई मुख्यालय की यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा हुई। ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल में इंटरपोल महासचिव पद के लिए उसके उम्मीदवार स्टीफन कवानाघ भी शामिल थे। इस दौरान सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद और एजेंसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रिटेन के साथ सहयोग बढ़ाने के बारे में कवानाघ के साथ विस्तृत चर्चा की। बताते चलें, किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व प्रमोटर विजय माल्या, हीरा कारोबारी नीरव मोदी और हथियार डीलर संजय भंडारी के अलावा पंजाब के अलगाववादियों और आतंकवादी समर्थकों सहित भारत के कई भगोड़े ब्रिटेन में रह रहे हैं। भारत सरकार की एजेंसियों द्वारा उनके प्रत्यर्पण की कोशिश की जा रही है।



## शाहगंज थाना क्षेत्र के समीरा होटल के बगल में पुरुष आरक्षी का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

### महिला आरक्षी का बिस्तर पर मिला शव। प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा ने मौके पर पहुंच स्थिति का लिया जायजा

**प्रयागराज** । प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के सामने शाहगंज थाना क्षेत्र में स्थित समीरा होटल के बगल में गली के अंदर स्थित एक एक मकान के दूसरी मंजिल पर किराए का कमरा लेकर रहने वाली महिला और पुरुष आरक्षी का शव एक कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। पुरुष आरक्षी का शव फांसी पर लटकता हुआ मिला जबकि महिला आरक्षी का शव बिस्तर मिला है। फिलहाल पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कमिश्नर प्रयागराज के साथ तमाम आलाधिकारी और फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर पूरी घटना के तफ्तीश में जुट गई। महिला और पुरुष आरक्षी के बीच जान पहचान होने की बात भी सामने आ रही है। पुरुष आरक्षी ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया किंतु महिला आरक्षी के मौत का कारण की पुष्टि नहीं हो सका है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा।



## कांग्रेस ने भारत के राजदूत पर लगाया पक्षपाती होने का आरोप



**नई दिल्ली**
कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत के एक लेख पर कड़ी आपत्ति जताई है और उन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। दरअसल आयरलैंड के एक अखबार में भारत के चुनाव पर एक लेख लिखा गया था, जिस पर आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने जो प्रतिक्रिया अखबार को भेजी, उस पर कांग्रेस ने नाराजगी जाहिर की है और राजदूत पर पार्टी कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने राजदूत को पद से हटाने की भी मांग की है।

**जयराम रमेश ने बोला हमला**
कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयरलैंड में भारत के राजदूत का आयरिश अखबार को भेजा गया लेख बेहद पक्षपाती, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है, जिसमें पीएम मोदी, भारतीय लोकतंत्र, कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों और हिंदू बहुमत की तारीफ की गई है। जयराम रमेश ने कहा कि 'भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और ये राजदूतों से उम्मीद भी की जाती है, लेकिन विपक्षी पार्टियों पर खुलेआम पार्टी कार्यकर्ता की तरह हमला करना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।' एक सोशल मीडिया पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि 'राजदूत एक राजनयिक हैं, ऐसे में उनकी टिप्पणी और भी शर्मनाक और अस्वीकार्य हैं। उन्होंने सेवा नियमों का उल्लंघन किया है और उन्हें तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए।'

**राजदूत के जवाब पर हुआ हंगामा**
दरअसल आयरिश अखबार में भारतीय चुनाव पर एक लेख लिखा गया था। लेख में लिखा गया था कि पीएम मोदी ने चुनाव पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।

## ये चुनाव लोकतंत्र-संविधान को बचाने के लिए है: गहलोत

**अजमेर**
प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने अजमेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में शहर के आजाद पार्क में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान गहलोत ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। इससे पूर्व अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गहलोत का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया। आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आप सब जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने सोच समझकर रामचंद्र चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया है, जो 50 सालों से किसानों की सेवा कर रहे हैं। इन्होंने डेयरी में अच्छे नवाचार किए, वो सब आपके सामने हैं। केंद्र सरकार एऊ इनकम टैक्स के छापे मार रहे हैं, भाजपा में जाते ही सब धुल जाते हैं, वहां क्या वाशिंग मशीन लगी हुई है। दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हैं, कांग्रेस के खाते बंद कर दिए, देश की आजादी में कांग्रेस का योगदान है। गहलोत ने कहा कि इस चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे, हमारी सरकार ने अच्छे कार्य किए हैं। हमारी सरकार ने शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा में काम किए हैं।





## भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी की 12वीं सूची

**नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है।

मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है।

## अपराधियों का राम नाम सत्य होता है: सीएम योगी

**शामली**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब कैराना से पलायन नहीं, बल्कि अपराधियों का राम नाम सत्य होता है। प्रदेश में व्यापारियों के साथ ही बहन-बेटियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कहीं भी डर का माहौल नहीं है। स्थित यह है कि अब गुंडे-बदमाशों की सात पीढ़ियां अपराध करने से पहले कई बार सोचेंगी। शामली का विकास हो रहा है। कहीं माल तो कहीं शापिंग कांप्लेक्स बन रहे हैं। मंगलवार दोपहर 3:15 बजे शामली के माजरा रोड स्थित वीवी डिग्री कालेज के मैदान पर भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए जनसभा को संबोधित करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। उन्होंने भाषण की शुरूआत भारत माता की जय और वंदे मातरम से की। अब कैराना में चहल-पहल रहती है। पेट्रोल पंप भी खुल गए हैं।



**बेटी को किया था सम्मानित**
सीएम ने कहा, पिछले दिनों स्थानीय व्यापारियों से भी बातचीत हुई थी, तो उन्होंने बताया कि अब अमन-चैन है। हर कोई सुरक्षित महसूस करता है। जिले की बेटियों का डंका पूरे देश में बजता है। पिछले वर्ष यहां की बेटी ने सीबीएसई में टॉप किया था, तो उसे लखनऊ में बुलाकर सम्मानित किया था।

**जहां नल है वहां तो कमल खिलेगा ही**
कांग्रेस, सपा और बसपा पर तंज कसते हुए कहा कि पहले कर्फ्यू लगता था, अब नहीं लगता। गलत सरकार तो गलत लोगों का साथ देती है। पहले गुंडे-बदमाशों का लखनऊ में सम्मान होता था, अब वह सही जगह भेजे जा रहे हैं। उन्होंने गठबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि, जहां नल है वहां तो कमल खिलेगा ही। लोकतंत्र में जाति-पाति से उठकर बिना भेदभाव के वोट करना है।

**सपा पर किया तीखा कटाक्ष**
भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने सपा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का क्या कहना, वह तो माफिया-अपराधियों के मरने पर फतिया पढ़ने के लिए जाते हैं। इनको फतिहा पढ़ा दीजिए आप। आपका एक वोट इनको सही जगह पहुंचा देगा। कैरानावासियों को जिन लोगों ने पलायन के लिए मजबूर किया।

हमने उन लोगों का धरती से ही पलायन कर दिया। अब यहां पर कोई पलायन नहीं करा सकता है।

# मण्डलायुक्त ने मतदाता जागरूकता संदेश देने निकली बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**मण्डलायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के प्रत्येक मतदाता को 25 मई को घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए कहा**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल, नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार व ज्वाइंट मजिस्टेट अनुभव के साथ मंगलवार को केपी इण्टर कालेज ग्राउण्ड में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से लगभग 3000 से अधिक मोटर साईकिल/स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के पूर्व जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण कतारबद्ध ढंग से खड़े होकर एवं अपने-अपने वाहनों में मतदाता जागरूकता सम्बंधी स्टीकर लगाकर लोगो को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा अधिक से अधिक लोगो को मतदान किए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह मोटर साईकिल/ स्कूटी रैली जगततारन गर्ल्स इण्टर कालेज, भारद्वाज मुनि आश्रम, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, लल्लाचुंगी चैराहा, बैंक रोड़ चैराहा, भारत स्काउट गाइड, लक्ष्मी चैराहा, कचहरी चैराहा, कचहरी मोड़, लखनऊ रोड़, पुलिस लाईन, धोबीघाट चैराहा, चैधरी चुन्नी लाल चैराहा, एजी आफिस, एकलव्य चैराहा, पत्थर गिरजाघर, सुभाष चैराहा, सिविल लाइन हनुमान मंदिर, हिंदू हॉस्टल होते हुए पुनः के0पी ग्राउण्ड में समाप्त हुई। कार्यक्रम में साई बंधुओं के द्वारा ह्यह्यआओ मतदान करें हमह्लह्ल व सेंट एंथोनी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता सम्बंधी गीत एवं राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज की क्षात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम स्थल पर ह्यह्यमैं 25 मई, 2024 को अवश्य मतदान करूंगा, माई वोट माई पॉवर, लिखे संदेश के साथ बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नोडल अधिकारी स्वीपध्मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, ज्वाइंट मजिस्टेट अनुभव व जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह के साथ सेल्फी खिंचवाई। सेल्फी प्वाइंट पर कार्यक्रम में आयें हुए सभी लोगो के द्वारा सेल्फी ली गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि मैं चन्द्रशेखर आजाद की धरती पर आप सभी जोश से भरे हुए प्रयागराजवासियों का स्वागत करता हूं। इस गर्म मौसम में आने वाला यह 25 मई का दिन आपके लिए परीक्षा का दिन है। हमें कोमल व कमजोर नहीं बनना है और दृढ़संकल्प के साथ घर से निकलकर मतदान अवश्य करना है। उन्होंने कहा कि मैं आपके सामने शपथ लेता हूं कि 25 मई को मैं मतदान अवश्य करूंगा, मेरे साथ आप भी शपथ लीजिए कि अपने घरवालों, पड़ोसियों के साथ आप मतदान अवश्य करेंगे। मैं आशा करता हूं कि मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करने हेतु आज आपने यह मशाल जो जलाई है, वह आगे बढ़ेगी और घर-घर जाएंगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि रैली के माध्यम से आप सभी जनपद वासियों को मतदान हेतु जागरूक, प्रेरित व प्रोत्साहित करें कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनायें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 01 अप्रैल, 2024 को जो भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए है और उन्होंने अभी तक अपना मतदाता सूची में पंजीकरण नहीं कराया है, वे सभी लोग 26 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में अंकित करा सकते है। कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भ दाता डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त -नगर निगम, सह जि0वि0नि0 श्री एल0बी0 मौर्य, डॉ0 बी0एस0यादव, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारीध्कर्मचारीगणों सहित भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# एसडीएम मेजा को हटाने के लिए मेजा बार के वकीलों ने सांसद डा रीता बहगुणा जोशी को सौंपा ज्ञापन पत्र

अखंड भारत संदेश

**कहा - चुनाव के पूर्व स्थानांतरण नहीं हुआ तो लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा विपरीत प्रभाव**

**मेजा।** एसडीएम मेजा जयजीत कौर मिश्रा की मनमानी तथा तानाशाही पूर्ण रवैए से आक्रोशित मेजा बार के अधिवक्ताओं ने प्रयागराज की सांसद डा रीता बहगुणा जोशी को छ सूत्रीय ज्ञापन पत्र देकर चुनाव के पूर्व स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। पत्र में अधिवक्ताओं ने चेतावनी दिया है कि यदि एसडीएम का स्थानांतरण नहीं हुआ तो इसका लोकसभा चुनाव में विपरीत असर पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मेजा बार के मंत्री चंद्रमणि शुक्ल की अगुवाई में सांसद डा जोशी को दिए गए पत्र में आक्रोशित अधिवक्ताओं ने इस बात का जिक्र करते हुए एसडीएम मेजा पर आरोप लगते हुए लिखा है कि जयजीत कौर मिश्रा जब मेजा तहसील में कार्यभार ग्रहण किया है उनकी मनमानी एवं तानाशाही रवैया कायम है और बिना सुबिधा शुल्क लिए किसी भी पत्रावली में कोई आदेश पारित न करना। तहसील के विभागों के साथ साथ क्रेशर प्लांटों से माहवारी वसूलना अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करना आम जनता का आर्थिक शोषण करना आदि शामिल है। गौरतलब है कि एसडीएम मेजा की मनमानी एवं तानाशाही को लेकर नाराज वकीलों ने बीते दिनों महीनों तहसील परिसर में तालाबंदी कर रखा था जो आज भी जारी है किन्तु भ्रष्टाचार में लिप्त एसडीएम को अधिकारियों द्वारा हटाया नहीं गया। जिसको लेकर मेजा बार के वकीलों ने अब प्रयागराज के सांसद डा रीता जोशी की चौखट पर दस्तक दिया है और लोकसभा चुनाव के पूर्व एसडीएम मेजा को हटाने की मांग करते हुए यह चेतावनी भी दिया है कि सरकार की छबि धूमिल कर रही एसडीएम को यदि हटाया नहीं गया तो इसका विपरीत प्रभाव लोकसभा चुनाव पर अवश्य पड़ेगा।

# बेसिक के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन ने मतदाता जागरूकता के तहत प्रभात फेरी निकल किया जागरूक



**प्रयागराज।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन मे जनपद स्तर पर मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी एवं रैली का आयोजन आदर्श सविलयन विद्यालय एलनगंज के प्रांगण से किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शिवऔतार एवं जिला समन्वयक एम0डी0एम0 राजीव त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी का नेतृत्व जिला स्काउट मास्टर-गाइड कैप्टन फिरोज आलम खान, प्रवीण सिंह, आई टी कोऑर्डिनेटर अनुरागिनी सिंह, नगर स्काउट मास्टर प्रभात श्रीवास्तव, डी0ओ0सी0-डी0टी0सी0 गायत्री यादव, सावित्री यादव तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीप्ती श्रीवास्तव ने किया। प्रभात फेरी मे विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे बैंड की धुन पर कदम ताल करते हुए हाथो मे मतदाता जागरूकता स्लोगन युक्त तख्तीयाँ बैनर लेकर आगे आगे चल रहे थे।नुक्कड़ नाटक टीम का नेतृत्व स्काउट गाइड शिक्षक श्रृद्धा श्रीवास्तव व प्रेमनारायण कर रहे थे तथा प्रभात फेरी के दौरान सीमैट गेट,एलनगंज व लल्ला चुंगी चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। मतदाता जागरूकता संगीत मण्डली के शिक्षक कलाकार देवा नन्द शुक्ला एवं उनकी टीम अपनी मधुर आवाज मे मतदाताओं के बींच जगरूकता गीत प्रस्तुत करती हुयी चल रही थी। प्रभात फेरी मे बेसिक शिक्षा विभाग के सैकड़ो स्काउट गाइड शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।स्काउट गाइड के विकास खंड स्तरीय पदाधिकारी शशांक मिश्रा,कमर सुल्ताना, पुष्पांजलि मौर्य, पूनम वर्मा, त्रिवेणी शंकर, गजाला शबनम, रेखा अग्निहोत्री, आस्था पाण्डेय, अर्चना कुमारी, नरेन्द्र सिंह, जीवेश, शैलेन्द्र, मधुरिमा गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, शशि कांत मिश्रा, उमेश चंद्र द्विवेदी,कमल कुमारी, सुमन देवी, बृजेश यादव, अखिलेश कुमार, संगीता सिंह, आशा सिंह, शहला वर्मा, रक्षा जायसवाल, सतीश यादव, बालक दास सरोज, सुरेन्द्र कुमार मौर्य, नुसरत जहाँ, कुदसिया जमीर, लक्ष्मी सोनकर *जनपदीय कोऑर्डिनेटर अनुरागिनी सिंह के साथ स्लोगन व नारे बोलते हुए प्रभात फेरी मे मार्च कर रहे थे* ।राहगीरो और क्षेत्रीय जनो के मध्य एनीबेसेंट स्कूल का ड्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा व नगर शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह, प्रतिभा सिंह ने रैली प्रतिभागियों से अपील करी की वो अपने मिलने जुलने वालों, मित्रो सहयोगियों तथा सेवित क्षेत्र की जनता के मध्य लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाते रहे और 25 मई को अधिक से अधिक मतदान कराये।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता के आवास पर पहुंचकर राजनीतिक चर्चा किया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने राजापुर स्थित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह के आवास पर पहुंचकर राजनीतिक चर्चा की। उन्होंने रेवती रमण को अपना चार दशक पुराना पारिवारिक मित्र बताया। इस दौरान इलाहाबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमण सिंह भी मौजूद रहे। रेवती रमण के आवास पर पहुचे प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ उज्जवल रमण सिंह को चुनाव लड़ाएगी। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। कहा कि कुंवर रेवती रमण सिंह सबसे ज्यादा समय तक इलाहाबाद क्षेत्र की सेवा की है। रेवती रमण सिंह और उनके बेटे उज्जवल रमण सिंह चुनाव में खड़े हो गए हैं तो अब कोई मुकाबला किसी से नहीं है। प्रमोद तिवारी ने कहा की फूलपुर इलाहाबाद लोकसभा समेत आसपास जिलों की सीटों पर प्रचार-प्रसार काफी जोरों पर है। इसे देखते हुए कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रमुख नेताओं व इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली का प्रस्ताव राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि लोकसभा के चुनावी महासमर के बीच सूबे की सियासी राजधानी की पहचान रखने वाली संगमनगरी मुख्यालयों की शिफ्टिंग से अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही है। एक-एक कर मुख्यालय लखनऊ स्थानांतरित होते जा रहे हैं, लेकिन इसी शहर से डिप्टी सीएम और सत्ता के सांसद के होते हुए भी इसकी आवाज सियासी गलियारों में नहीं गूंज सकी है। ऐसे में प्रयागराज की पुरानी पहचान धूमिल होती जा रही है। जिसको बचाने की प्राथमिकता होगी। वहीं नैनी में लगातार बंद हो रहे कारखानो को भी पुनर्जीवित करना बड़ा मुद्दा होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, अरुण तिवारी, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, हरिकेश त्रिपाठी, सुधाकर तिवारी, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, गौरव पाण्डेय, तलत अजीम, रईस अहमद, प्रमोद पटेल, मनोज पासी, राकेश पटेल, मो असलम, सुशील तिवारी, जीतेन्द्र राय, समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# न्याय पंचायत बनी की शिक्षण संकुल बैठक का आयोजन कंपोजिट विद्यालय तेंदुई में संपन्न




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंगलवार को अप्रैल माह की न्याय पंचायत बनी की शिक्षण संकुल बैठक का आयोजन कंपोजिट विद्यालय तेंदुई में अपराह्न 2 से 4 बजे तक किया गया जिसमें सभी शिक्षण संकुल द्वारा विद्यालय में नामांकन में वृद्धि व स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम की 12 सप्ताह की गतिविधि पर चर्चा की गई जिससे की स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके एवं सभी अध्यापकों से दीक्षा एप के महत्व व निपुण संवाद के उपयोगिता के बारे में बताया गया इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों में संतोष कुमार सिंह सुभाष चंद्र यादव राजकुमार सिंह मुकेश श्रीवास्तव ममता सिंह श्रीमती कंचन प्रभा सिंह मीरा सिंह प्रीति शुक्ला अर्पण बबीता सिंह प्रीति सिंह इंद्रावती यादव प्रीति कुमारी शैलेंद्र यादव विभूति नारायण दुबे मोहम्मद सैफुद्दीन अमिताभ सिंह अभय सिंह प्रीति वाला इंबीरनाथ फातिमा रंजना सिंह सत्यम बाजपेई आदि लोग उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बंध में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

**बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नामांकन की प्रक्रिया, सुविधा पोर्टल, व्यय, सक्षम एप, सीविजिल एप सहित अन्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी**

**प्रचार-प्रसार से सम्बंधित किसी भी प्रकार के आयोजन एवं वाहन प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य**



**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नामांकन की प्रक्रिया, सुविधा पोर्टल, व्यय, सक्षम एप, सीविजिल एप सहित निर्वाचन आयोग के अन्य दिशा-निदेशों के बारे में विस्तार से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रकार की अनुमति हेतु ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार से ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। बैठक में बताया गया कि प्रचार-प्रसार से सम्बंधित किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए एवं वाहन प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है, बिना अनुमति लिए यदि चुनाव प्रचार से सम्बंधित कोई कार्यक्रम किए जाते है या वाहन का प्रयोग किया जायेगा, तो वह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। किसी भी प्रकार की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जायेंगे। इसी तरह से सीविजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोटिंग सीविजिल एप पर की जा सकती है। शिकायत दर्ज होने पर शिकायत की त्वरित जांच की जायेगी तथा उस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही भी की जायेगी। बैठक में बताया गया कि प्रत्याशियों के द्वारा निर्वाचन से सम्बंधित व्यय के लिए अलग से खाता खोलना अनिवार्य होगा, जिसके माध्यम से ही निर्वाचन से सम्बंधित व्यय किया जा सकेगा। बैठक में नामांकन प्रक्रिया से सम्बंधित निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि नामांकन के समय आर0ओ0 कक्ष में प्रवेश के लिए केवल पांच व्यक्ति ही जिसमें प्रत्याशी भी शामिल हैं, अनुमन्य होंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बंद घर से मिली पुरुष, महिला कांस्टेबल की लाश पुलिस ने दरवाजा तोड़कर डेडबॉडी निकाली



**प्रयागराज।** प्रयागराज के शाहगंज इलाके में समीरा होटल के पास एक बंद घर से युवक और महिला कांस्टेबल की लाश मिली है। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़ा। उसके बाद घर के अंदर से लाश निकाली गई। पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

### एनजीबीयू के शोध छात्रों ने मलिन बस्ती में रह रहे लोगों को समाज के प्रति किया जागरूक



**प्रयागराज।** मंगलवार को नेहरू ग्राम भारती ,डीम्ब्ड यूनिवर्सिटी, जमुनी पुर कोटवा, सैदाबाद,प्रयागराज के समाजशास्त्र विभाग के शोध छात्र,अनंत सिंह जेलियांग(असिस्टेंट प्रोफेसर),सीमा विश्वकर्मा,अनूप कुमार ने समाज के लिए एक मिशाल कायम करने का कार्य किया है।शोध छात्रों ने झूसी क्षेत्र में रहने वाले मलिन बस्ती के परिवारों से जाकर मिले और उनके परिवार की वास्तविक स्थिति से रूबरू हुए।शोध छात्रों ने इन गरीब परिवार के लोगों को बेरोजगारी कार्ड,आयुष्मान योजना,राशन कार्ड,और वोटर कार्ड के बारे में बताकर उनको जागरूक किया साथ ही इनलोग ने गरीब लोगो के आयुष्मान योजना कार्ड बनवाने में सहयोग भी किया ताकि उन्हें सुनहरे भारत के स्वास्थ सुविधा का लाभ मिल सके।

# नन्हे साईं ब्रदर्स ने बनाया मतदान जागरूकता गीत, अधिकारियों ने किया गीत का विमोचन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** देश भर में 19 अप्रैल से लोक सभा का चुनाव होने जा रहा है। इसी क्रम में संगम नगरी प्रयागराज के नन्हे साईं ब्रदर्स ने मतदाता जागरूकता गीत रचा है। प्रयागराज प्रशासन के आलाधिकारियों ने एक गीत का विमोचन किया। इससे पहले मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व ज्वाइंट मजिस्टेज्ट अनुभव के साथ केपी इण्टर कालेज ग्राउण्ड में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से लगभग 3000 से अधिक मोटर साईकिल/स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। नन्हे साइ ब्रदर्स ने अभी तक कोई मतदान नहीं किया है उसके बावजूद भी सभी को जागरूक करने के लिए गीत बनाया है जिसे देखकर मंडल आयुक्त और डीएम महोदय बहुत ही प्रसन्न हुए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गीत का प्रचार प्रसार करने के लिए सभी को आग्रह किया और 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए सभी को जागरूक करना है आज इस गीत को बनाने वाले साई बंधुओ का कहना है की आज के समय के लिए यह बहुत ही आवश्यक है मतदान के दिन को लोग छुट्टियों के दिन के तौर पर मानते हैं इसलिए अपने अधिकार को भूलकर घर पर बैठते हैं तो अपने अधिकारों को भूलना नहीं है और ज्यादा से ज्यादा मतदान करना है । नन्हे साई बंधुओ ने बताया कि उन्होंने यह गीत महज 7 दिनों की कड़ी मेहनत कर तैयार किया है। जब उनको पता चला कि अप्रैल माह में लोकसभा का चुनाव होना है तब दोनों ही बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के लिए इस गीत को रच डाला। आपको बता दें प्रयागराज के रहने वाले साई बंधु सगे भाई हैं अशित साई की उम्र 11 वर्ष जबकि आरव साइ की उम्र 6 वर्ष है। इसके पूर्व में भी साई ब्रदर्स ने कई गीत बनाये है जिसमें प्रमुख विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता 2022 , यातायात नियम जागरूकता गीत गीत के लिए प्रयागराज के डीएम के अलावा सांसद और कई मंत्रियों ने सम्मान प्रदान किया है । महिलाओं के सुरक्षा पर बनाया गया जागरूकता गीत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के द्वारा विमोचन और गीत को बहुत ही सराहा गया तथा हर घर तिरंगा गीत को सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बच्चों के गीत अभिमोचन हुआ है और पूरे देश में बच्चों के गीत ने धूम मचा दिया था।

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर किया गया उनके पराक्रम को नमन



**फूलपुर।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मंगलवार को फूलपुर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रगतिशील परिषद के तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार मौर्य ने कहा की सम्राट अशोक अपने पूरे जीवन काल में एक भी युद्ध नहीं हारे। अपने पराक्रम एवं महानता के कारण ही उन्हें चक्रवर्ती सम्राट कहा जाता था। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल अनिल मौर्य ने कहा की सम्राट अशोक के ही समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई जिसमें तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला व कन्धार प्रमुख हैं। समारोह में उपस्थित राहुल कुशवाहा, राजपति मौर्य, राजेंद्र मौर्य,धीरज मौर्य सभासद,सूरज दादा मौर्य ने भी सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पराक्रम को नमन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एडवोकेट मनोज कुमार मौर्य ने किया। मौके पर बसंत लाल मौर्या, विजय मौर्य, प्रांजल मौर्य, बृजलाल मौर्या,अरविंद मौर्य सम्राट, वीरेंद्र मौर्य, मनीष मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, जंग बहादुर मौर्य के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकताः सांसद

## क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में हुआ सांसद का स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा/परियावां, प्रतापगढ़।** पिछले दस वर्षों में मेरे द्वारा कुण्डा बाबागंज क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कार्य करने का प्रयास किया गया। 2014 के पहले क्षेत्र की सड़कें गड्ढो में तब्दील थी। आज अच्छी सड़के बन गई है। जिसके कारण अब विकासशील क्षेत्रों में क्षेत्र की पहचान बन रही है। एक साथ तीन रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिये शिलान्यास किया गया। कार्य प्रारम्भ हो गया है। इन्ही सब से आज कुण्डा की पहचान विकसित क्षेत्र में हो रही है। इस बार आप सभी के द्वारा अपार जन समर्थन मिल रहा है। उक्त बातें मंगलवार को सांसद कौशाम्बी एवं लोकसभा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने लेहदरी गंगा पुल में स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं के बीच कही।



सांसद विनोद सोनकर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि अबकी बार 400 पार का संकल्प लिया गया है। कौशाम्बी लोकसभा के सभी मतदाताओं ने कहा है तीसरी बार 3 लाख पार। इस बार कुण्डा बाबागंज में आम मतदाताओं के द्वारा जिस तरह से स्वागत किया जा रहा है। इस अपार जन समर्थन को देख कर विपक्ष मायूस हो गया है। सांसद विनोद सोनकर ने परियावां, अंसारगंज, अदलाबाद, लवाना, कधेरुआ, कुसुवापुर, रेवली मोड़, लाला बाजार, पनिगो, खनवारी, बंधवा, संग्रामगढ़, नरई,बाबागंज, लखपेड़ा, लंगड़ी महुली, झीगुर, लक्ष्मीगंज, नगर पंचायत हीरागंज बाजार, बहोरिकपुर, महेशगंज, पटना, राजापुर, शुकुलपुर, नगर पंचायत डेरवा बाजार, बिकरा, कानूपुर, भिटारा एवं बाघराय बाजार में सांसद का समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता मनोज तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सतीश चौरसिया, कमलेश सोनकर, गौरव सिंह, शिवम शुक्ल, मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्र, अनिल पटेल, आशुतोष मणि द्विवेदी, विस्तारक सौरभ काशी, मुन्ना मिश्र, राम मूरत पटेल, अमर जीत सिंह, मोनू शुक्ल, धर्मेन्द्र मिश्र, प्रधान राम खेलावन पटेल, सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र पटेल, सन्तोष पांडेय, उमेश पाण्डेय, ऋषभ केसरी, सरोज तिवारी, आनन्द तिवारी, सन्तोष सोनकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने कई बाजारों का किया दौरा

## व्यापारियों की योजनाओं व सुविधाओं को विस्तार से बताया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय/ प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल के निर्देशन पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला महामंत्री संजय सोनी जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद केसरवानी व जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल ने जनपद के कटरामेंदनी, मोहनगंज, जेठवारा, डेरवा, बाघराय, बिहार बाज़ार, कुंडा, मानिकपुर, आला बाजार और परियावां बाज़ार में जाकर दौरा किया।

उपरोक्त सभी बाजारों में दौरा कर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी सहित कमेटी ने वहां के अध्यक्ष संरक्षक महामंत्री कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष आदि अन्य सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं व्यापारियों संग बैठक कर मा. कंछल जी के अथक प्रयासों से सरकार द्वारा व्यापारियों को प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं के संदर्भ में विस्तार से बताया जिसमें जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख का दुर्घटना बीमा परिजनों को मिलने लगा है, 40 लाख से कम टर्नओवर वाले व्यवसायों को पोर्टल पर पंजीकृत होने पर 5 लाख का दुर्घटना बीमा परिवार को दिया जाएगा। आयकर दाता व्यवसायियों को तीन हजार मासिक पेंशन 60 साल की आयु के बाद देना शुरू हुआ है। पंजीकृत व्यापारियों को 5 लाख का चिकित्सा योजना मिलना प्रारंभ हुआ है। पंजीकृत व्यापारियों का प्रतिष्ठान जल जाने पर 10 लाख रु का जलैती बीमा व व्यापारी के साथ लूट होने पर 10 लाख रु का छिनैती बीमा का मांग अभी भी जारी है जिसे सरकार ने जल्द पूरा करने का अश्वासन भी दिया है।



व्यापारी की योजनाओं की जानकारी देते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी

## पेयजल आपूर्ति न होने से हलाकान हो रहे ग्रामीण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के उदयपुर व खानीपुर के ग्रामीणो ने मंगापुर पेयजल योजना के तहत पीने के पानी की टंकी से आपूर्ति न होने को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र सौपा है। अधिवक्ता हर्षद श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसडीएम को सौपे गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि इस पेयजल योजना के पिछले पचीस तीस दिनों में खराबी को लेकर ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। आपूर्ति बाधित होने के चलते ग्रामीण खारा पानी पीने को मजबूर हो उठे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समस्याओं को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया गया किंतु अफसर समस्या से मुंह मोडे हुए है। एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने अधिशाषी अभियंता जल निगम को पेयजल आपूर्ति शुरू कराए जाने के आदेश दिये है।

# लोकतंत्र की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये मतदान का बढ़ाएं प्रतिशतः प्राचार्या

## साकेत महिला महाविद्यालय में गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत महिला महाविद्यालय दहिलामऊ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने प्रतापगढ़ जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपने समस्त कर्मचारियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें प्राचार्या ने अपने विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपने वार्ड में लोगों को जागरूक करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष लोकसभा के चुनाव में कुछ ऐसा प्रयास करना चाहिए कि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। हम सभी शिक्षा वर्ग से जुड़े हुए हैं, इस नाते हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम सभी अपने लोकतंत्र की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु मतदान का प्रतिशत बढ़ाएं। साथ ही प्राचार्या ने समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी दी कि वे अपने वार्ड का शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करेंगें।



साकेत महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में बोलतीं प्राचार्या डा0 नीलिमा श्रीवास्तव

कार्यक्रम में ज्योति सिंह, प्रभा भारती, विनय सिंह, फिरोज जमील, पूनम मिश्रा, सुजस शुक्ला, अनीता त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, परमजीत सिंह, डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा, संतोष मिश्रा, डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, अनंत प्रकाश शुक्ला, प्रशांत विश्वकर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा, आरती श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार, रईस अहमद एवं अजमत अली ने जिम्मेदारी लेते हुए आश्वस्त कराया कि उनके वार्ड में शत-प्रतिशत मतदान हेतु पूरा प्रयास किया जायेगा।

## चौकीदार को पीटा, छीन लिया रुपये

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के नन्दईपुर गांव निवासी युवक ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर पडोसी गांव के ही युवक पर घर में घुसकर मारपीट करने व रुपये छीनने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के नन्दईपुर गांव निवासी रामबरन पुत्र झगडू ने पट्टी थाने में चैकीदार है। चैकीदार ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि पडोस गांव के निवासी सहित अन्य लोग उसके घर आ धमके और गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरु कर दी। जब उसकी पत्नी आरती, बहू रन्जू व पुत्र कुलदीप बीच बचाव करने पहुचे तो उक्त लोगों ने उनकी भी पिटाई कर दी। साथ ही प्रार्थी ने आरोपित किया है कि उसके पुत्र के पास रखे 35 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। हल्ला गुहार पर जब ग्रामीण एकत्रित हुए तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम व सीडीओ ने निर्वाचन प्रशिक्षण स्थलों का किया निरीक्षण

## जीआईसी व सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज में चल रहा प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा के नेतृत्व में तीन दिवसीय पीठासीनऔर मतदान अधिकारी प्रथम की प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन दोनों प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने किया।

उन्होंने पीठासीन और प्रथम मतदान अधिकारियों से निर्वाचन संबंधी प्रश्न भी पूछा। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं को बताया गया। इस अवसर पर त्रिभुवन विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, राकेश प्रसाद जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक, जिला विद्यालय निरीक्षक/ उप शिक्षा निदेशक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला, कुलश्रेष्ठ तिवारी सहित खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य, सुशील त्रिपाठी, बंशीधर पांडे, अमित कुमार दुबे, शुभम कुमार, बृजेंद्र स्वरूप निगम, आनंद कुमार जान, वसीम ,रणवीर नीरज मिश्रा, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे। आज दोनों प्रशिक्षण केंद्र पर दोनों परियों में 3200 मतदान कार्मिकों को जिसमें पीठासीन और प्रथम मतदान अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त किए।



पीठासीन अधिकारियों को जानकारी देते प्रशिक्षण अधिकारी।

# भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे अशोकः कुशवाहा

## मौर्य सभा ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व विजेता सम्राट अशोक महान की जयंती पर मौर्य सभा प्रतापगढ़ के तत्वावधान में विशाल शोभा यात्रा नगर पंचायत अंतू प्रतापगढ़ में निकाली गई। अध्यक्षता डा. शिवमूर्ति लाल मौर्य अध्यक्ष मौर्य सभा प्रतापगढ़ ने किया। मुख्य अतिथि आलोक कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश रहे। सालिक राम मौर्य अशोक बन कर शोभायात्रा के आकर्षण का केन्द्र रहे।



सम्राट अशोक की जयंती पर शोभा यात्रा निकालते मौर्य सभा के पदाधिकारी

शोभायात्रा पुरानी बाजार अंतू से स्टेशन तक रही। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि, चक्रवर्ती सम्राट अशोक (ईसा पूर्व 304 सें ईसा पूर्व 232) विश्व प्रसिद्ध व शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। सम्राट अशोक का पूरा नाम देवानांप्रिय अशोक मौर्य (राजा प्रियदर्शी देवता सब के प्रिय) हैं। उनका राजकाल ईसा पूर्व 272 से 232 प्राचीन भारत में था। मौर्य राजवंश के चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अखंड भारत पर राज्य किया है तथा उनका मौर्य साम्राज्य उत्तर में हिन्दुकुश की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी नदी के दक्षिण तथा मैसूर तक तथा पूर्व में बांग्लादेश से पश्चिम में अफ़ग़ानिस्तान, ईरान तक पहुँच गया था। सम्राट अशोक का साम्राज्य आज का संपूर्ण भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यान्मार के अधिकांश भूभाग पर था, लगभग 52 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला विशाल साम्राज्य उस समय तक से आज तक का सबसे बड़ा भारतीय साम्राज्य रहा है। सम्राट अशोक ने संपूर्ण एशिया में तथा अन्य आज के सभी महाद्विपों में भी बौद्ध धर्म धर्म का प्रचार किया। सम्राट अशोक के संदर्भ के स्तंभ एवं शिलालेख आज भी भारत के कई स्थानों पर दिखाई देते है। इसलिए सम्राट अशोक की ऐतिहासिक जानकारी एन्य किसी भी सम्राट या राजा से बहुत व्यापक रूप में मिल जाती है। सम्राट अशोक प्रेम, सहिष्णुता, सत्य, अहिंसा एवं शाकाहारी जीवनप्रणाली के सच्चे समर्थक थे, इसलिए उनका नाम इतिहास में महान परोपकारी सम्राट के रूप में ही दर्ज हो चुका है। इस अवसर पर डा नितेश मौर्य, बसंत लाल मौर्य, अंकित मौर्य, प्रदीप मौर्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों के विवाद में ननंद व भाभी को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बच्चों के विवाद में ननंद व भाभी की पड़ोसी ने पिटाई कर दी। पीड़ित महिलाओं ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के लबेदा गांव की रहने वाली अंकित निषाद पत्नी सुभाष निषाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बच्चों के विवाद में पड़ोसी उसे मारने-पीटने लगे शोर-शराबे पर जब उसकी ननंद बबिता बीच बचाव करने आई तो उसे भी जमकर मारा पीटा गया। मारपीट की इस घटना में ननंद व भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

## दबंगों ने कुनबे पर किया जानलेवा हमला, फायरिंग का आरोप

### मौके पर पहुंची पुलिस ने कारतूस का खोखा किया बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव में सोमवार की शाम सात बजे के आसपास दबंगों ने कुनबे पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हवाई फायरिंग भी की गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांव के रहने वाले किशन मुरारी ने पुलिस को नामजद शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसके गांव के ही रहने वाले तीन दबंग युवक अपने 6-7 अज्ञात साथियों के साथ रंजिशन उसके घर पर चढ़कर लाठी-डंडे व लात-घूंसे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान शोर-शराबे पर जब उसका छोटा भाई बलदाऊ गुप्ता बीच-बचाव करने आया तो उसे भी लाठी-डन्डे से मारपीट कर घायल कर दिया गया जिससे वह बेहोश हो गया। पीड़ित अपनी जान बचाकर घर के भीतर भागा तो दबंग घर के भीतर घुस गए और उसकी पत्नी छमा गुप्ता को भी लाठी-डंडे से पीटने लगे जिससे उसका दांत टूट गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस कारतूस के दो खोखे बरामद की है और मिले शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाल आलोक सिंह ने बताया तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है कारतूस का खोखा मिलने की बात असत्य है।

## माता शीतला तथा मां काली मंदिर में मना प्राण प्रतिष्ठा उत्सव, निकली शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर के समीप हण्डौर गांव में मां शीतला के नवनिर्मित मंदिर में को देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा हण्डौर से गाजी चैराहा, लीलापुर, कटरा मेंदनीगंज के शीतला धाम पहुंची। शोभा यात्रा में मां के जयकारे में मंत्रमुग्ध भक्त रंग गुलाल उडाते उल्लास मे दिखे। मुख्य यजमान अरविंद दुबे व सुनीता द्विवेदी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य माता शीतला की मूर्ति मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। आचार्य पं. काली प्रसाद मिश्र के वैदिक पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर लोक कलाकार अनिल रिमझिम के दल द्वारा राधा कृष्ण एवं सुदामा की आकर्षक झांकी देख भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। वहीं भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को देवी आराधना में मगन देखा गया। इस मौके पर लालजी दुबे, रामजी दुबे, अशोक दुबे, हरिशंकर दुबे, राधेश्याम, शीतला प्रसाद, लाल बहादुर, विकास दुबे, कौशलेन्द्र, रामगोपाल दुबे, लक्ष्मीकांत दुबे, राजेश, आयुष, रामकिंकर आदि रहे।

# रूपम सिंह बनी आईएएस, बढ़ाया जनपद का गौरव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतिभा कभी किसी परिस्थितियों की मोहताज नही होती, रूपम सिंह को लगातार मिल रही सफलता ने ये बात साबित कर दी है। रूपम सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा एक बार फिर से मनवाया है। प्रथम प्रयास में पहले पीसीएस क्वालीफाई कर बीडीओ पद पर ज्वाईन किया। गड़वारा क्षेत्र के संग्रामपुर किला निवासी संजय सिंह की प्रतिभाशाली बेटी रूपम ने पूरे क्षेत्र को अपनी इस सफलता से गौर्वांवित कर दिया है। बता दें कि रूपम सिंह को आईएएस में 725वीं रैंक मिली है।



फोटो 7-रुपम सिंह

# एमडीपीजी में चल रही परीक्षा में 21 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की परीक्षाएं आज दूसरे दिन एमडीपीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर मनोज मिश्र के निर्देशन में सुचारू रूप से संपन्न हुईं। महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल के सदस्य प्रोफेसर किरण मिश्रा, प्रो राजवंत सिंह ,प्रो माया शंकर, प्रो संतोष पांडे, डॉ अरुण कुमार वर्मा लगातार परीक्षार्थियों की निगरानी एवं तलाशी करते रहे। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि आज दोनों पालियों में कुल 665 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 21 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 365 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 12 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 321 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 9 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में द्वितीय सेमेस्टर हिंदी, फिलासफी, फिजिक्स, बॉटनी एवं षष्टम सेमेस्टर एजुकेशन आदि की परीक्षाएं हुईं। द्वितीय पाली में चतुर्थ सेमेस्टर हिंदी एवं तृतीय वर्ष प्राचीन इतिहास आदि की परीक्षाएं हुईं।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य मनोज मिश्र।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता का फांसी पर लटकता मिला शव

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात के सराय बहेलिया गांव में संदिग्ध दशा में एक विवाहिता का घर के अंदर फांसी पर लटकाता शव मिला। इससे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा। बता दें कि कोतवाली देहात के सराय बहेलिया गांव में एक विवाहिता का घर के अंदर संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे पर लटकता शव मिला। विवाहिता की मौत के बाद ससुरालीजन घर छोड़कर फरार हो गये। जानकारी होने पर मायके वाले भी पहुंचे और उन्होंने दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक विवाहिता वाराणसी जिले के कपसेटी गांव की रहने वाली थी। मौके पर पहुंची कोतवाली देहात की पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## संपादक की कलम से

## सुप्रीम कोर्ट की बाबा रामदेव को फटकार

आस्था पर आधारित ज्ञान और उससे जुड़ी चिकित्सा प्रणालियों पर प्रश्न नहीं उठाए जा सकते। हर बाबा अपनी तरह से रोगों का इलाज करता है। चिकित्सा प्रणालियों के प्रोटोकाल में लगातार सुधार इसलिए होता रहता है क्योंकि उसकी समीक्षा करने का अधिकार सभी को होता है। इसके विपरीत रामदेव जैसे लोग अपने दैवीय दर्जे का लाभ उठाते हुए मनमाने दावे करते हैं और उन्हें न तो कोई चुनौती देता है और न कोई उनकी आलोचना करता है।

पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ है। इसके पहले भी बाबा हुआ करते थे मगर इन दिनों बाबाओं का जितना राजनैतिक और सामाजिक दबदबा है, उतना पहले शायद कभी नहीं रहा कई बाबा अनेक तरह के काले कामों में लिप्त भी पाए गए हैं मगर उनकी दैवीय छवि के चलते उनके अपराधों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्य सांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी. गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंततः राम रहीम कानून के पंजे में फंस गया और इन दिनों जेल में है. यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहे मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्नर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय हैं। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने-अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है।

दो अन्य बाबाओं का जिक्र जरूरी है। एक हैं -श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस-समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने कॅरियर की शुरूआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है या कम से कम अब तक तो नहीं था। उनके आयुर्वेदिक उत्पादों का जबरदस्त प्रचार-प्रसार हुआ और मीडिया का एक बड़ा तबका उनका गुणगान करने लगा। बाबा और आचार्य की शैक्षणिक योग्यता के बारे में हम बहुत नहीं जानते। इस समय देश में कई आयुर्वेदिक कॉलेज हैं मगर इन दोनों के पास शायद आयुर्वेद की कोई डिग्री नहीं हैं। पड़ताल से बचने के लिए रामदेव ने देशभक्ति का लबादा ओढ़ लिया और यह कहते रहे कि वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला कर रहे हैं। असली खेल शुरू हुआ कोविड-19 महामारी के दौरान। एक ओर सरकार ने पुणे स्थित भारत बायोटेक को कोवैक्सीन का विकास और उत्पादन करने हेतु भारी आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई वहीं बाबा रामदेव ने यह दावा किया कि उनकी कंपनी ने कोविड-19 के इलाज और उससे बचाव के लिए एक दवाई विकसित की है जिसका नाम है कोरोनिल। हमें यह भी बताया गया कि कोरोनिल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) का अनुमोदन प्राप्त है। जब आयुष मंत्रालय ने इस दावे को चुनौती दी तो पंतजलि की ओर से यह कहा गया कि कोरोनिल 'डब्लूएचओ के मार्गनिर्देशों के अनुरूप है'। आयुष मंत्रालय ने कोरोनिल के बारे में दावों को सत्यापित करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी कोरोनिल के कांबो पैक को बड़ी धूमधाम से दो केबिनेट मंत्रियों- डॉ. हर्षवर्धन और नितिन गडकरी, की उपस्थिति में जारी किया गया। हर्षवर्धन स्वयं एलोपैथिक डाक्टर हैं। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से यह जाहिर है कि वे भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों के कितने अंधभक्त हैं।

बाबा ने दावा किया कि कोरोनिल का परीक्षण मामूली से लेकर मध्यम श्रेणी के कोविड संक्रमण से पीड़ित लोगों पर किया गया और कोरोनिल का सेवन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उनका कोविड टेस्ट निगेटिव हो गया। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में किसी भी नई दवा को सामान्य उपयोग के लिए जारी करने के पहले उसका जैव रासायनिक विश्लेषण किया जाता है, पशुओं पर उसका परीक्षण किया जाता है और फिर समुचित आकार के नमूनों पर उसकी 'डबल ब्लाइंड' ट्रायल की जाती है। कोरोनिल के मामले में इनमें से कुछ भी नहीं किया गया। अपनी व्यवसायिक सफलता से गदगद बाबा रामदेव ने गोदी मीडिया की प्रशंसा को कबूल किया। इससे एक कदम आगे बढ़कर उन्होंने एलोपैथी को एक बेवकूफाना विज्ञान बताना शुरू कर दिया। इससे व्यथित होकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने रामदेव के खिलाफ प्रकरण दायर किया जिसकी सुनवाई हाल में हुई। रामदेव ने अदालत में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपमान करन के लिए आईएमए से क्षमायाचना की। यहां पाठकों को यह याद दिलाना श्रेयस्कर होगा कि बाबा रामदेव ने जब भ्रष्टाचार के खिलाफ भूख हड़ताल की थी तब उन्होंने यह दावा किया था कि योग के कारण उनका शरीर इतना मजबूत हो गया है कि वे लंबे समय तक बिना भोजन के रह सकते हैं। मगर उपवास प्रारंभ करने के कुछ ही दिनों के बाद उनकी हालत इतनी पतली हो गई कि उन्हें एक एलोपैथिक अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसी तरह करीब एक वर्ष पहले जब आचार्य बालकृष्ण बीमार पड़े तो वे एक एलोपैथिक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हो गए। उच्चतम न्यायालय की चेतावनियों के बाद भी बाबा की कंपनी भ्रामक विज्ञापन जारी करती रही। अदालत ने उन्हें बुलाया और बाबा ने गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगी। मगर अदालत ने उनकी माफी मंजूर नहीं की।

## अब ममी को ममी नहीं कहना चाहते संग्रहालय

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाऊ चाक विंग म्यूजियम ने पिछले हफ्ते अपनी मिस्र-प्रदर्शनी में रखीं बिना ढकीं ममी को हटा लिया. ऐसा मानव शरीर को प्रदर्शनी के लिए रखने के बारे में बदलते रवैये के चलते किया गया.

1881 में पुरातत्वविदों ने मिस्र के ह्यवैली ऑफ द किंग्स' में मिस्र के राजा फेरो रैमसेस की ममी खोजी थी. तब से मिस्र में पाई गईं ममी रखना दुनियाभर के संग्रहालयों में लगाई जाने वालीं प्रदर्शनियों का एक अहम हिस्सा है. लेकिन पिछले हफ्ते सिडनी के एक म्यूजियम ने अपने यहां प्रदर्शित कुछ ममी हटा दीं. यह एक नए चलन की शुरूआत का संकेत है.

मानव शरीरों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए या नहीं, यह संग्रहालय जगत की ताजा बहस है. इसी बहस पर कदम उठाते हुए चाऊ चाक विंग म्यूजियम ने पिछले हफ्ते अपनी सभी बिना ढकीं ममी प्रदर्शनियों से हटा लीं.

सिडनी यूनिवर्सिटी में बना यह चाऊ चाक म्यूजियम ऑस्ट्रेलिया में मिस्र की कलाकृतियों और खुदाई में मिली चीजों का सबसे बड़ा घर है. यहां 5,000 से ज्यादा चीजें रखी हैं जिनमें ममी के रूप में सहेजे गए मानव और जानवरों के अवशेष भी शामिल हैं. एक बार में ऐसे 300 से ज्यादा अवशेष प्रदर्शित किए जाते हैं.

फिलहाल संग्रहालय में दो ममी प्रदर्शनी में रखी गई हैं. मेरुआ और होरस की ये ममी और सीटी स्कैन के जरिए तैयार किया गया इनका 3डी चित्रण दर्शकों के देखने के लिए उपलब्ध है. लेकिन मेरनाथिटीस में मिले एक ताबूत का सामान, खोपड़ी का अंदर का हिस्सा, मोम का कान, चमकदार मोती आदि प्रदर्शनी से हटा दिए गए हैं.

**वस्तु-मात्र नहीं है**

संग्रहालय प्रबंधन ने कहा कि जो ममी पट्टियों में लिपटी नहीं है, उसे हटाया जा रहा है. यह अब स्टोर रूम में रखा जाएगा और म्यूजियम के अधिकारी मिस्र के समुदायों और अधिकारियों के साथ मिलकर इस सामग्री के संवेदनशील रूप में प्रदर्शन के तरीके खोजने पर विचार करेंगे.

म्यूजियम की वरिष्ठ क्यूरेटर डॉ. मेलनी पिटकिन ने कहा, "सैकड़ों साल से शरीर के हिस्सों को संग्रहालयों में वस्तु-मात्र समझा जाता रहा है. हम उन्हें प्रदर्शित देखने के इतने आदि हो गए हैं कि भूल जाते हैं कि कभी वे जीते-जागते इंसान थे.ह्व

डॉ. पिटकिन कहती हैं कि स्थानीय और विदेशों में रहने वाले मिस्री समुदाय के अलावा म्यूजियम देखने आने वाले दर्शकों के बीच मानव अवशेषों को प्रदर्शित करने से जुड़े रवैये और मूल्यों पर हुए विस्तृत और गहन अध्ययन के बाद इन अवशेषों को हटाने का फैसला लिया गया है.

संग्रहालय ने अपने दर्शकों के बीच इस बात को लेकर एक सर्वेक्षण किया था. इसके अलावा सिडनी, मेलबर्न और एडीलेड में रहने वाले मिस्री मूल के 17 लोगों के एक फोकस ग्रुप के साथ दो दिन तक विचार-विमर्श किया गया. साथ ही, चाऊ चाक विंग म्यूजियम देख चुके मिस्री मूल के ऑस्ट्रेलियाई लोगों के बीच भी सर्वे किया गया.

**ममी को ममी ना कहें**

अब म्यूजियम मानव अवशेषों को प्रदर्शित करते हुए लिखी जाने वाली भाषा और संदेशों में भी बदलाव की योजना पर काम कर रहा है. जैसे कि ह्यद ममी रूम' का नाम बदला जा सकता है. इसके लिए मिस्र के समुदाय के साथ चर्चा हो रही है.

डॉ. पिटकिन बताती हैं, ममी शब्द अरबी भाषा के ममिया से आया है, जिसका अर्थ होता है एक तरह का कोयला. लेप किए जाने के बाद शरीर कैसा दिखता है, यह शब्द उसका प्रतीक है. यह साम्राज्वादी भाषा है जब 19वीं सदी में मिस्र को लेकर पश्चिमी दुनिया में जुनून था.ह्व

डॉ. पिटकिन कहती हैं कि कमरे का नाम बदलते वक्त हमारा ध्यान मानव शरीर को एक शाश्वत रूप में बदल देने पर होगा, जो असल में ममीकरण का मुख्य मकसद था. वह कहती हैं, "हम चाहते हैं कि दर्शक भी इस बात पर विचार करें कि मानव अवशेषों की देखरेख में संग्रहालयों को कितनी नैतिक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है.(

# चुनावी इतिहास : सिंधिया परिवार की हर पीढ़ी ने पराजय का स्वाद चखा

@ राकेश अचल

*********

भारत की राजनीति में पिछले सात दशक से लगातार प्रासंगिक बने हुए ग्वालियर के सिंधिया परिवार की हर पीढ़ी ने पराजय का स्वाद चखा, लेकिन राजनीतिक मैदान नहीं छोड़ा। आजादी के बाद सिंधिया परिवार की अंतिम राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया राजनीति में उतरने वाली पहली महिला थी। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल कांग्रेस में लेकर आये थे। राजमाता विजया राजे सिंधिया ने पहला लोकसभा चुनाव 1957 में गुना लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकिट पर ही जीता था। राजमाता विजया राजे सिंधिया कांग्रेस में ज्यादा नहीं टिकीं। एक दशक में ही उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया। 1967 में मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र से अनबन के बाद उन्होंने कांग्रेस से बगावत कर दी और कांग्रेस सरकार गिर गई। राजमाता जनसंघ में शामिल हो गयीं। वैसे भी उनका आराम्भिक झुकाव हिन्दू महासभा की और था। राजमाता ने पहला विधानसभा चुनाव भी 1967 में ही लड़ा था। राजमाता विजया राजे सिंधिया मुमकिन था कि अजेय रहतीं लेकिन आपातकाल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी के खिलाफ उनका क्रोध सातवें आसमान पार था। वे अपनी पार्टी की समझाइश के बावजूद हठपूर्वक रायबरेली से श्रीमती इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़ीं और हार गयीं। भरपाई के लिए जनसंघ ने उन्हें १९७८ में राज्य सभा भेजा। अन्यथा राजमाता ने 1957 के बाद 1962, 71, 89, 1991, 96, 98, 99 में लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीतीं। पराजय का स्वाद चखने वाली राजमाता सिंधिया परिवार की पहली सदस्य थीं।



ग्वालियर के सिंधिया परिवार की दूसरी पीढ़ी में राजमाता के पुत्र माधवराव सिंधिया और वसुंधरा राजे सिंधिया ने राजनीति में कदम रखा। माधवराव सिंधिया ने अपने जीवनकाल में लोकसभा के 9 चुनाव लड़े और सभी में विजय हासिल की। माधवराव सिंधिया ने पहला लोकसभा चुनाव 26 साल की उम्र में गुना से जनसंघ के टिकिट पर लड़ा और जीते। आपातकाल के बाद 1977 का चुनाव माधवराव ने निर्दलीय लड़ा और जीत हासिल की। 1980 में वे कांग्रेस में शामिल हो गए और गुना से ही लोकसभा का चुनाव जीते। 1984 में कांग्रेस ने उन्हें उनके गृहनगर ग्वालियर सीट से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में उन्होंने भाजपा के सबसे बड़े नेता और राजमाता के विश्वसनीय सहयोगी अटल बिहारी बाजपेयी को प्रचंड बहुमत से हराया। माधवराव सिंधिया ने ग्वालियर से 1998 तक सभी चुनाव लड़े और जीते। उन्हें 1996 में एक चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ना पड़ा क्योंकि कांग्रेस ने उन्हें हवाला कांड के बाद पार्टी से बाहर कर दिया था। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने उन्हें वाकओव्हर दे दिया था।

राजमाता के अस्वस्थ होने और ग्वालियर में जन समर्थन में आयी गिरावट के बाद माधवराव सिंधिया 1999 में गुना सीट पर वापस लौट गए। उन्होंने 1999 और 2002 तक गुना का ही प्रतिनिधित्व किया किन्तु अजेय बने रहे। लेकिन उनके साथ ही उनकी बहन वसुंधरा राजे अजेय होने का कीर्तिमान नहीं रच सकीं। वसुंधरा राजे को अपने पहले ही लोकसभा चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ा। उन्होंने पहला लोकसभा चुनाव १९८४ में मध्य प्रदेश की भिंड सीट से लड़ा था। इंदिरा लहर में उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी और दतिया के राजा कृष्ण सिंह ने 88 हजार मतों से पराजित किया था। प्रथम ग्रासे मच्छिका पात होने के बाद वसुंधरा राजे ने मध्य प्रदेश की राजनीति से विदाई ले। वे राजस्थान चलीं गयीं और उन्होंने 1985 में धौलपुर से विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा और जीती।

वसुंधरा राजे सिंधिया बाद में 1989, 91, 96, 98 और 99 में लोकसभा के लिए चुनी गयीं। बादमें भाजपा ने उन्हें राजस्थान की राजनीति में इस्तेमाल किय। वसुंधरा राजे ने 2003, 2008, 2013 और 2018 में राजस्थान विधानसभा के लिए चुनाव लड़ा और जीतीं। वसुंधरा राजे दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री भी रहीं। इन दिनों वे हासिये पर हैं। वे अपने भाई माधवराव सिंधिया की तरह अजेय नहीं रह पायी।

सिंधिया परिवार की दूसरी पीढ़ी की एक और महिला सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया भी हैं। वे भी अपने भाई माधवराव सिंधिया की ही तरह अजेय ही राजनीति से रिटायर हो गयीं। वे बहुत देर से यानि 1998 में राजनीति में आयीं। उन्होंने पहला विधानसभा चुनाव 1998 में शिवपुरी से लड़ा हालांकि वे पहला चुनाव गुना से लोकसभा का लड़ना चाहतीं थीं। यशोधरा राजे ने 2003, 2013, 2018 में भी शिवपुरी से विधानसभा का चुनाव लड़ा और जीता। वे 2007 और 2009 में ग्वालियर से लोकसभा के लिए भी चुनाव लड़ीं और जीती। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने राजनीति से सन्यास ले लिया। क्योंकि पार्टी नेतृत्व ने उनकी नहीं सुनी। न उन्हें टिकिट दिया और न उनके बेटे को टिकिट दिया।

यशोधरा राजे दरअसल अपनी माँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया की राजनीतिक विरासत की उत्तराधिकारी बनना चाहतीं थीं, इसीलिए उन्होंने सबसे पहले गुना से लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बनाया था किन्तु उनके भाई माधवराव सिंधिया और बाद में भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐसा होने नहीं दिया। राजमाता के निधन के बाद खुद मश्वराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना आ गए थे और बाद में उनके निधन के बाद गुना लोकसभा सीट पर उनके बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कब्जा कर लिया।

सिंधिया परिवार की तीसरी पीढी के प्रतिनिधि ज्योतिरादित्य सिंधिया है। वे अपने पिता माधवराव सिंधिया की आकस्मिक मृत्यु के बाद 2002 में राजनीति में आये। उन्होंने कांग्रेस के टिकिट पर ही गुना से अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा और जीते। वे 2004, 2009, 2014 में भी कांग्रेस के टिकिट पर ही गुना से चुनाव लड़े और अजेय बने रहे किन्तु 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें घेर कर पराजय का मुंह दिखा दिया। यानि सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि भी अजेय नहीं रह सके। मजे की बात ये है कि जिस भाजपा ने उन्हें 2019 में पराजय का स्वाद चखने पर विवश किया था, आज 2024 के चुनाव में वे उसी भाजपा के प्रत्याशी की हैसियत से लोकसभा का चुनाव गुना से लड़ रहे हैं। अब वे हारें या जीतें इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला क्योंकि पराजय तो उनके दमन का अभिन्न अंग बन चुकी है।


सिंधिया पारिवार की चौथी पीढ़ी के महाआर्यमन सिंधिया जो की ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे हैं राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार हैं। मुमकिन है की उन्हें 2029 में ग्वालियर या गुना से भाजपा के ही टिकिट पर राजनीति में प्रवेश कराया जाये। सिंधिया प्रियवर की प्रासंगिकता शोध का विषय भी हो सकती है।

# लोक मंगलकारी हैं प्रभु श्रीराम

**- अरविंद जयतिलक**

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

आज रामनवमी है। प्रभु श्रीराम का अवतार दिवस। हिंदू सनातन शास्त्रों में भगवान श्रीराम को साक्षात परब्रह्म और ईश्वर कहा गया है। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है। भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म के मार्ग का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं। इसीलिए भारतीय जनमानस उनके जीवन पद्धति को अपना उच्चतर आदर्श और पुनीत मार्ग मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। शास्त्रों में उद्धत है कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान धरा पर अवतरित होकर एवं मनुष्य रुप धारण कर दुष्टों का संघार करते हैं। ह्यराजीव नयन धरें धनु सायक, भगत बिपति भंजन सुखदायकह्व। भक्तों के दुखों को हरने वाले राजीव नयन श्रीराम आपको शत-शत प्रणाम। भारत भूमि पर आई हर विपत्ति को हरने वाले दुखहरन प्रभु श्रीराम विष्णु के सातवें अवतार हैं।



वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का खूब गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संधारक और संतों के रक्षक हैं। श्री रामचरितमानस में उनके जन्म के बारे में कहा गया है कि-ह्यनौमि तिथि मधुमास पुनीता, शुकल पच्छ अभिजीत हरिप्रीता। मध्यदिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक विश्रामा।ह्व अर्थात पवित्र चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि के पावन दिन भगवान श्रीराम का अयोध्या में प्राकट्य हुआ। उनके प्रकट होते ही निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया और गन्धर्वों का दल भगवान के गुणों का गान करने लगा। आकाश में घमाघम नगाड़े बजने लगे और नाग, मुनि और देवता भगवान की स्तुति और आराधना में लग गए। महान संत तुलसीदास रचित रामचरितमानस में उद्धत है कि ह्यबिप्र धेनु सुर संत हित लिन्ह मनुज अवतार, निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार।ह्व यानी पृथ्वी पर प्रभु श्रीराम का अवतार ब्राहमण, गौ, देवता, संतों और दीनजनों के कल्याण के लिए हुआ। उन्होंने दुष्टों का संघार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए।

भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रुप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संत तुलसीदास ने भगवान श्रीराम की महिमा का गान करते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम भक्तों के मनरुपी वन में बसने वाले काम, क्रोध, और कलियुग के पापरुपी हाथियों के मारने के लिए सिंह के बच्चे सदृश हैं। वे शिवजी के परम पूज्य और प्रियतम अतिथि हैं। दरिद्रता रुपी दावानल के बुझाने के लिए कामना पूर्ण करने वाले मेघ हैं। वे संपूर्ण पुण्यों के फल महान भोगों के समान हैं। जगत का छल रहित हित करने में साधु-संतों के समान हैं। सेवकों के मन रुपी मानसरोवर के लिए हंस के समान और पवित्र करने में गंगा जी की तरंगमालाओं के समान हैं।

श्रीराम के गुणों के समूह कुमार्ग, कुतर्क, कुचाल और कलियुग के कपट, दंभ और पाखंड के जलाने के लिए वैसे ही हैं जैसे ईंधन के लिए प्रचण्ड अग्नि होती है। श्रीराम पूर्णिमा के चंद्रमा की किरणों के समान सबको शीतलता और सुख देने वाले हैं। श्रीराम क्षमा, दया और दम लताओं के मंडप हैं। संसार भी भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। रामचरित मानस में तुलसीदास ने रामराज्य पर भरपूर प्रकाश डाला है। उन्होंने लिखा है कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम के सिंहासन पर आसीन होते ही सर्वत्र हर्ष व्याप्त हो गया। समस्त भय और शोक दूर हो गए। लोगों को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिल गयी। रामराज्य में कोई भी अल्पमृत्यु और रोगपीड़ा से ग्रस्त नहीं था। सभी जन स्वस्थ, गुणी, बुद्धिमान, साक्षर, ज्ञानी और कृतज्ञ थे। वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग में स्वयं भरत जी भी रामराज्य के विलक्षण प्रभाव की बखान करते हैं।

गौर करें तो वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधी जी की भी चाह थी। गांधी जी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रुप में रामराज्य की कल्पना की थी। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है और इसका उदाहरण दिया जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मयार्दा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मयार्दा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इसीलिए भगवान श्री राम को कर्तव्यपरायणता के कारण भारतीय सनातन परिवार का आदर्श प्रतिनिधि कहा जाता है। राम रघुकुल में जन्में थे जिसकी परंपरा ह्यरघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाईह्व की थी। इसीलिए पिता का वचन मानकर वे जंगल को गए। उन्होंने अपने पराक्रम से दण्डक वन को राछस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संघार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिए दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वहीं प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। मेरी कथा का रसपान करते हैं। जो इंद्रियों का निग्रह, शील, बहुत कार्यों से वैराग्य और निरंतर संत पुरुषों के धर्म में लगे रहते हैं। जगत को समभाव से मुझमें देखते हैं और संतों को मुझसे भी अधिक प्रिय समझते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। उन्होंने पंपापुर के वन्य जातियों को स्नेह से सीचिंत कर अपना मित्र बनाया। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरुपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी का अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संघार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए अपने भक्त हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा। लेकिन दुष्ट स्वभाव वाले रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभिषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया। लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभिषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभिषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया।

## संघ को कांग्रेस की फिर से चुनौती

अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जरिये कांग्रेस ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को यह कहकर बड़ी ललकार लगाई है कि 'लोकसभा का आसन्न चुनाव मनुवाद से देश को बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिये है।' नागपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी विकास ठाकरे के पक्ष में सोमवार को आयोजित एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए खरगे ने साफ किया कि उनके लिये 'यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या नितिन गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है।' उल्लेखनीय है कि नागपुर में ही संघ का मुख्यालय है और ठाकरे भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के विरूद्ध मैदान में हैं। खरगे ने चेताया कि अगर इस बार के चुनावों में भाजपा व मोदी की जीत होती है तो देश में फिर कोई चुनाव नहीं होंगे।

खरगे द्वारा जनता को आरएसएस के गढ़ में खड़े होकर चेताना एक तरह से उन्हें इस चुनाव के महत्व एवं स्थिति की गम्भीरता से अवगत कराना है। देश किस नाजुक स्थिति में है- यह संदेश जनसामान्य तक जाना जरूरी है। संघ की देश के स्वतंत्रता आंदोलन से अनुपस्थिति की आलोचना करते हुए खरगे ने कहा कि अब ये लोग (भाजपा वाले) राममंदिर तथा बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर वोट मांगने आते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि इतने वर्षों तक संघ के लोगों ने अंबेडकर की एक तस्वीर भी नहीं लगाई और कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तक नहीं लगाते थे। मोदी के पिछले दस वर्षीय कार्यकाल में देश की गिरती जीडीपी, भ्रष्टाचार आदि के बारे में मोदी का दोहरा रवैया आदि अनेक बातें थीं, लेकिन उनके भाषण का केन्द्र संघ की विचारधारा को चुनौती देना रहा जिसका संदेश दूर तक जायेगा।

यह पहला अवसर नहीं है जब कांग्रेस ने संघ की सोच को उसके ही मुख्यालय में चुनौती दी हो। पिछले साल 28 दिसम्बर को कांग्रेस ने अपना 139वां स्थापना दिवस इसी शहर में मनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। तब भी खरगे ने अपने भाषण में कहा था कि इस आयोजन के लिये उनकी पार्टी ने नागपुर को इसलिये चुना है ताकि जनता में संदेश जाये कि कांग्रेस अपनी विचारधारा के बल पर आगे बढ़ेगी। वह संघ की विभाजनकारी तथा नफरती विचारधारा के विरोध में खड़ी रहेगी। वैसे नागपुर के उस कार्यक्रम के बहुत पहले ही संघ के खिलाफ कांग्रेस की निर्णायक लड़ाई की शुरूआत उसी दिन से मानी जानी चाहिये जब 7 सितम्बर, 2022 को राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर की लगभग 3600 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। उन्होंने इसका नाम दिया था- 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान'। यह नारा अपने आप में संघ पर खुला प्रहार था। इसके साथ ही कांग्रेस की संघ से वैचारिक लड़ाई का बड़ा व खुला स्वरूप देशवासियों के सामने आ गया था।

अपने दो कार्यकालों में मोदी व भाजपा ने जो अनेक तरह की प्रशासनिक अराजकता व आर्थिक बदहाली फैलाई है, उसे अगर एक तरफ रख दें तो जनता के बीच वैमनस्यता फैलाना तथा विभिन्न सम्प्रदायों व वर्णों को आमने-सामने खड़ाकर उसका राजनैतिक फायदा उठाना ही भाजपा का प्रमुख हथियार बन गया है। राहुल की यात्रा 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर के लालचौक में झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। यात्रा के दौरान पुनर्रचित विमर्श के माध्यम से कांग्रेस ने संघ व भाजपा की विचारधारा से सीधी लड़ाई प्रारम्भ की थी। यह लड़ाई परवान चढ़ी मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू हुई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से निकली राहुल की दूसरी यात्रा से। इसका समापन हुआ था 18 मार्च को मुम्बई पहुंचकर। अगले दिन यहीं के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' के बैनर तले हुई विशाल रैली ने साबित कर दिया कि संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ने के लिये लोग अब कांग्रेस के साथ हैं। नागरिकों के लिये न्याय हासिल करना संघ एवं भाजपा के साथ लड़ाई का एक अन्य महत्वपूर्ण मोर्चा है। संघ एक तरफ सामाजिक विद्वेष फैलाता है, तो दूसरी ओर उसकी मान्यता नागरिक आजादी छीनने और आर्थिक गैरबराबरी में भरोसा करती है। संघ तमाम राजनैतिक व आर्थिक शक्ति कुछ मुट्ठी भर लोगों के हाथ में ही सौंप देने में विश्वास करता है। पिछले 10 वर्षों का इतिहास देखें तो यही साबित होता है। आज कांग्रेस को नया रूप और लौटी हुई शक्ति इसी लड़ाई के ऐलान से प्राप्त हुई है। कांग्रेस का वैचारिक आधार ही संघ तथा उसकी संकीर्ण व मध्ययुगीन सोच के मुकाबले समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज की रचना करना है। कांग्रेस के लिये यह कोई नयी बात नहीं है क्योंकि देश ने देखा है कि लगभग 65 वर्षों तक भारत इसी रास्ते पर चला है। बीच में कई बार ऐसा भी हुआ जब भारत में गैर कांग्रेसी सरकारें बनी थीं, परन्तु देश व संविधान के निमार्ताओं द्वारा जो राह दिखाई गयी थी, उससे किसी ने भी अलग राह नहीं पकड़ी। स्वतंत्रता, समानता व बन्धुत्व पर आधारित समाज और शासन प्रणाली देखने के आदी हो चुके भारत को जब मोदी एवं भाजपा ने अलग राह पर हांकने की कोशिश की तो उसे कुछ हद तक कामयाबी तो जरूर मिली लेकिन जैसे-जैसे भाजपा के काम करने के कुटिल उद्देश्य व बुरे परिणाम आने शुरू हुए, देश को समझ में आने लगा कि उसके लिये वही सारा कु छ सही है जो आजादी की लड़ाई के नायकों ने तय किया था।

# बाजारों-पंचायत भवनों में रखवायें पानी के घड़े:डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने संचारी रोग व दिमागी बुखार पर काबू बाबत समीक्षा बैठक की। निर्देश दिये कि विभिन्न विभाग के कर्मचारी कार्यों को शत- प्रतिशत पूरा करें।

मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने संचारी रोग व दस्तक अभियान के पहला चरण एक से 30 अप्रैल तक चल रहा है। अंतर विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ के फीडबैक पर चर्चा कर विभागों को कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि दस्तक अभियान दस अप्रैल से चल रहा है। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की 824 टीमें घरों का भ्रमण कर बुखार, कुपोषित बच्चे, खांसी-जुकाम के लक्षण वाले लोगों, क्षय रोग के लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर समुचित इलाज को संदर्भित कर रहे हैं। मच्छरों से बचाव को शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन एंटी लारवा दवा के छिड़काव व फॉगिंग के भी कार्य हो रहे हैं। एसीएमओ वेक्टर बोर्न डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि दस्तक अभियान में आशाओं ने घर के सभी लोगों की आभा आईडी का सृजन कर रही है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान में आशाओं ने 34422 घरों का भ्रमण किया है। खांसी, जुकाम, बुखार के 23 मरीज, क्षय रोग के एक मरीज चिन्हित हुए हैं। समुचित इलाज किया जा चुका है।



समीक्षा बैठक में बोलते डीएम।

जिलाधिकारी ने कहा कि नालियों की साफ-सफाई, झाड़ियों की सफाई व हैंडपंपों की मरम्मत भी करायें। जो हैंडपंप खराब है, उस पर लाल पेंट से चिन्ह बनायें। डीपीआरओ को निर्देश दिये कि सचिवों के साथ बैठक कर झाड़ियों की सफाई करायें। बाजार व पंचायत घरों में पानी के घड़े रखें। सीएमओ को निर्देश दिये कि जहां पर घड़े रखें, टीम से निरीक्षण करायें। जिलाधिकारी ने नगर विकास बाबत सभी ईओ को निर्देश दिये कि बाजार में आरो व पानी के घड़े रखवायें। उन्होंने दस्तक अभियान बाबत आशा व आंगनबाड़ी के लगाये स्टीकर की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।


बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसीएमओ एमके रतमेले, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब, डीपीओ पीड़ी विश्वकर्मा समेत ईओ व बीडीओ मौजूद रहे।

# पहले प्रयास में अर्पित बने आईएएस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संघलोक सेवा आयोग 2023 के परिणाम जारी हो गये हैं। चित्रकूट जिले के अहिरनपुरवा के अर्पित यादव ने पहले प्रयास में 136वीं रैंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है।

ज्ञात है कि अर्पित यादव बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ीपुलिया से इंटर की परीक्षा पास की थी। सरस्वती विद्या मंदिर के होनहार छात्र अर्पित यादव ने यूपीएससी परीक्षा में 136वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ नगर का बल्कि जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के पूर्व छात्र अर्पित यादव ने सन 2012-13 में कक्षा छह से प्रवेश लेकर लगातार 2018 तक 12वीं कक्षा तक विद्यालय में पढते रहे। अर्पित बचपन से ही होनहार अनुशासन प्रिय व मेहनती छात्र थे। उनके पिता शिक्षक थे। उन्होंने सिर्फ विद्यालय का नहीं, बल्कि माता-पिता, नगर, गांव व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के सभी अध्यनरत भैया-बहन उनकी सफलता से खुश हैं। विद्यालय के आचार्य, प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने अर्पित के उज्जवल भविष्य की कामना की। सफलता पर बधाइयां दी हैं।



अर्पित यादव।

# चार देशी बम समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने उन्नत उर्फ जावेद पुत्र कल्लू हरदीकला को चार देशी बम समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विस्फोट पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, दीवान रमेश चन्द्र शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में बमबाज।

## गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर रोकथाम को जारी अभियान में दरोगा विनय विक्रम सिंह ने भानु प्रताप पुत्र रामसवारे पिपरौंद के कब्जे से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा विनय विक्रम सिंह, सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

# कोतवाल ने दस पर लगाया मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

मंगलवार को कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने शिवशरण उर्फ शिवा पुत्र रामनरेश यादव बघौंड़ा, नत्थु सोनकर उर्फ नत्थी सोनकर पुत्र मइयादीन, ओमप्रकाश उर्फ पट्टू पुत्र मइयादीन, लवलेश पुत्र स्व मइयादीन रामायण मेला सीतापुर, महेश यादव पुत्र रामबदल गोल तालाब तुलसीनगर कर्वी, अनिल सिंह पुत्र दिलदार सिंह चकला चकौंध, विष्णु पुत्र अमरनाथ जोशी बल्दाऊगंज कर्वी, राजू गौतम पुत्र गोरेलाल पुरवा तरौंहा, अर्जुन निषाद पुत्र देवीदीन निषाद टिकुरा कपसेठी व आशीष पटेल पुत्र जगनन्दन सिंह बेड़ी पुलिया रानीपुर भट्ट पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## 90 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा मुकेश सिंह परिहार ने बब्बू सेन पुत्र मोहन सेन ऊंचाडीह के कब्जे से 90 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा यूटी पवन चैधरी व सिपाही जलील अहमद शामिल रहे।

# भाजपा संकल्प पत्र झूंठ का पुलिंदा: आप

### भाजपा में उद्योगपतियों को लूट की छूट, आम आदमी बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी/सांसद संजय सिंह ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं को गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने के निर्देश दिये हैं। आप जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने गठबंधन प्रत्याशी को जिताने को जनता से अपील की है। भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। गठबंधन के जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

मंगलवार को आप जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र झूंठ का पुलिंदा है। महंगाई, बेरोजगारी व किसानों की एमएसपी संकल्प पत्र से गायब है। भाजपा की पिछली घोषणायें जमीन पर आज तक नहीं आ सकी। भाजपा ने पिछले लोस चुनाव में संकल्प पत्र वायदा किया था कि बीस करोड़ नौकरियां, कालाधन, 15 लाख रुपये, किसानों की आय दोगुनी, सभी को पक्का मकान, ये सब मोदी के वायदे का क्या हुआ? भाजपा के दस साल कार्यकाल में महंगाई चरम पर है। चार सौ का गैस सिलेंडर 12 सौ का हो गया। आटा, दाल, चावल, दूध, तेल, पेट्रोल, डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। उद्योगपतियों को लूट की छूट है। आम आदमी बेहाल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि देश में अघोषित इमरजेंसी लगी है। फर्जी मुकदमे लगाकर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। चुनाव के समय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। उन्हें जेल में डालकर प्रचार से रोका गया। भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है, जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में ईंधन व दवाओं की



पत्रकारों से बात करते गठबंधन समर्थक।

### भाजपा कार्यकाल में महंगाई-बेरोजगारी चरम पर

कीमतें आसमान चूम रही हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी 42 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है। सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल के पुत्र डॉ अंकुर सिंह ने कहा कि 2024 के चुनाव में गलती से भी भाजपा को वोट न चला जाये, भाजपा को वोट दिया तो चुनाव जीतने बाद भाजपा सरकार संविधान बदल देगी। देश में खुलेआम तानाशाही का राज होगा, इसलिए जनता से अपील है कि भारी मतों से गठबंधन प्रत्याशी को जितायें। इस मौके पर समाजवादी आंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय महासचिव मान सिंह पटेल, जिला महासचिव आप जितेन्द्र गोयल, नर्वदा प्रसाद यादव, डॉ रमाकांत गुप्ता, अजीत कुमार मिश्रा एड आदि मौजूद रहे।

## युवती की आत्महत्या में उच्च स्तरीय जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के तरकहवा पुरवा भौंरी में एक युवती के आत्महत्या मामले में आरोपी पक्ष ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञात है कि रैपुरा थाना क्षेत्र के तरकहवा गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के परिजनों ने गांव के एक परिवार के 11 लोगों पर मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेज दिया था। नौ लोगों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई। आरोपी पक्ष ने मृतका के परिजनों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। फर्जी ढंग से परिवार को फंसाने की बात कही है। पुलिस महानिरीक्षक को भेजे पत्र में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## सडक हादसे के आरोपी को हुआ 15 सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार प्रशांत कुमार की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को 15 सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है। मंगलवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह प्रभावी बहस के चलते सिविल जज सीनियर डिवीजन/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज सडक हादसे के आरोपी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्व शिव प्रसाद गुप्ता वार्ड 11 लखमीपुर हथगांव थाना हथगांव जिला फतेहपुर को 15 सौ रूपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है।

## ग्रामीण का मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीन दिन पहले घर से भैंस ढूंढने निकले बरगढ थाने के गोइयां खुर्द के द्वारिका प्रसाद पाल (55) का शव नदी के कोंडरी घाट में मिला। परिजनों ने बरगढ़ थाने में 14 अप्रैल को गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। नतीजतन आज द्वारिका प्रसाद पाल का शव नदी के कोंडरी घाट में मिला। परिजनों ने शव मिलने पर आक्रोश जताया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## युवती का फंदे पर लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र के जलंधरपुर गांव में 32 वर्षीय युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। 32 वर्षीय महिला का शव मिलने की घटना मंगलवार को हुई। बताया गया कि युवती का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पुलिस जांच में जुटी है। मृतका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने मारपीट कर हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटका दिया है। पुलिस ने कहा कि शव के पोस्टमार्टम बाद मृतका के मृत होने के कारणों का पता चलेगा।

# पत्रकारों के मान-सम्मान की लडेंगे लडाई: अग्रहरि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** द जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिले के पत्रकार दैनिक तेजस टूडे के जिला संवाददाता शिवमंगल अग्रहरी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। अग्रहरि ने पत्रकारों से कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो भरोसा किया है, उसे जिम्मेदारी से निभायेंगे।

मंगलवार को पत्रकार शिवमंगल अग्रहरि ने कहा कि पत्रकार साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खडा रहूंगा। जो भी पत्रकार साथी जिला समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कलम से समाज में व्याप्त बुराइयों व भ्रष्टाचार को निष्पक्ष ढंग से उजागर कर रहे हैं, उन सभी का साथ देंगे। स्वाभिमान में कभी आंच नहीं आने देंगे। पत्रकारों के मान-सम्मान की लडाई लडेंगे। भविष्य में किसी पत्रकार को हीन भावना की दृष्टि से ज्यादती व द्वेष भावना से कार्रवाई हुई तो खुलकर लड़ाई लडी जायेगी।



पत्रकार शिवमंगल अग्रहरि।

# चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को एएसपी ने दी हिदायत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रथम, द्वितीय व तीसरे चरण के चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस बल की बसों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को जिले से चुनाव ड्यूटी में लगाये पुलिस बल की बसों को पुलिस लाइन से हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस बल को यात्रा व मतदान दौरान बरती जाने वाली सावधानियों बाबत हिदायत दी। निर्देश दिये कि सतर्क व संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें, ये महत्वपूर्ण कार्य है। लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र बर्ताव करें। किसी भी व्यक्ति के मतदान दौरान अव्यवस्था पैदा करने पर या मतदान को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष होने से प्रभावित करने पर किसी भी दशा में उसे रोकें। तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को दें। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता व फर्स्ट एड किट दी गई। सभी से कहा कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा। सभी कर्मचारी एक साथ गंतव्य तक जायेंगे। इस मौके पर सीओ सिटी राज कमल, सीओ मऊ जय करन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।



## लोस चुनाव में निर्भीक होकर करें मतदान: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** एसडीएम राजापुर व सीओ राजापुर ने पहाड़ी थाने के हर्रा गांव के ज्वलंत बूथ व संवेदनशील ओरा गांव में चैपाल लगाकर लोगो से निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति जागरुक किया। मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की मौजूदगी में पहाड़ी थाने के ज्वलंत गांव हर्रा व संवेदनशील गांव ओरा में चैपाल लगाई। चैपाल में लोगों से लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र व निर्भीक तथा निष्पक्ष ढंग से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों से समस्यायें पूंछी। समस्याओं के निस्तारण बाबत संबंधित को दिशा-निर्देश दिये। कहा कि चुनाव में कोई प्रलोभन दे या दबाव डाले तो उसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# भारतीय आमों की मिठास मचाएगी विदेश में कमाल! महाराष्ट्र से 5,000 टन आम होगा अमेरिका-यूरोप में एक्सपोर्ट

भारतीय आमों के स्वाद को दुनियाभर में खूब पसंद किया जाता है। पूरी दुनिया ही भारतीय आमों की मिठास की दीवानी है। ऐसे में हर साल अलग-अलग देशों में भारतीय आमों को एक्सपोर्ट किया जाता है। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र के आमों को दूसरे देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। इस साल भी महाराष्ट्र से बड़ी मात्रा में आमों को दूसरे देशों में एक्सपोर्ट करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार इस साल महाराष्ट्र में आम के मौसम की अच्छी शुरूआत हुई है और किसानों को अनुकूल जलवायु के कारण अच्छी फसल की उम्मीद है।



**5,000 टन आम का होगा अमेरिका और यूरोप में एक्सपोर्ट**

महाराष्ट्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टरअटइ) ने इस साल 5,000 टन आम के एक्सपोर्ट का लक्ष्य रखा है, जिन्हें अमेरिका और यूरोप भेजा जाएगा। इन आमों में अल्फांसो और केसर प्रमुख रहेंगे। बोर्ड के प्रबंध निदेशक संजय कदम ने इस बारे में जानकारी दी।

**कब से होगा एक्सपोर्ट शुरू**

कदम के अनुसार अमेरिकी फाइटोसैनिटरी इंस्पेक्टर के 10 अप्रैल को भारत आने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका को आमों का एक्सपोर्ट करने की प्रोसेस शुरू की जाएगी। इससे पहले आए इंस्पेक्टर ने अनार के एक्सपोर्ट की निगरानी की थी पर उसने पहले ही 425 टन आम के एक्सपोर्ट पर भी नजर डाली थी।

**अमेरिका और यूरोप में आम के एक्सपोर्ट का क्या है लक्ष्य**

भारतीय आमों का गल्फ देशों में बड़ी मात्रा में एक्सपोर्ट किया जाता है। हालांकि किसान और एक्सपोर्टर्स अमेरिका जैसे विकसित देशों में आम के ज्यादा एक्सपोर्ट पर जोर देते हैं क्योंकि इससे रिटर्न बेहतर मिलता है।

# भारत ने फिर निभाई नेपाल से दोस्ती, तोहफे में दी 35 एम्बुलेंस और 66 स्कूल बसें



भारत हमेशा से ही अपने दोस्तों के प्रति मददगार रहा है। भारत के कई देशों से अच्छे संबंध हैं और उन देशों में नेपाल भी शामिल है। भारत और नेपाल पडोसी देश होने के साथ ही लंबे समय से एक-दूसरे के अच्छे दोस्त भी रहे हैं। दोनों देशों ने समय-समय पर दोस्ती निभाई है। भारत ने हमेशा ही नेपाल की मदद की है और जरूरत पड़ने पर हमेशा नेपाल का सहयोग किया है। हाल ही में एक बार फिर ऐसा ही देखने को मिला है। भारत ने एक बार फिर दोस्ती निभाते हुए नेपाल की मदद की है।

**तोहफे में दी 35 एम्बुलेंस और 66 स्कूल बसें**

भारत ने हाल ही में एक बार फिर से दोस्ती निभाते हुए नेपाल को तोहफे में 101 व्हीकल्स दिए हैं। इनमें 35 एम्बुलेंस और 66 स्कूल बसें हैं। भारत की तरफ से ये एम्बुलेंस और स्कूल बसें अलग-अलग हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन्स और स्कूलों के लिए दी गई हैं। इससे नेपाल के हेल्थ और स्कूली सेक्टर को मदद मिलेगी जिससे लोकल इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत होगा।

**नेपाल में भारतीय राजदूत ने नेपाली अधिकारियों को सौंपी एम्बुलेंस और स्कूल बसें**

नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने एक समारोह में नेपाली वित्त मंत्री बर्शमन पुन की उपस्थिति में नेपाली अधिकारियों को एम्बुलेंस और स्कूल बसें सौंपी। नेपाली अधिकारियों के साथ ही नेपाली वित्त मंत्री बर्शमन ने भी इस मदद के लिए भारत का आभार जताया।

## नेपाल में चीनी गिरोह ने की एक साल के भीतर तीन हजार किलो सोने की तस्करी

**काठमांडू।** केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने गृह मंत्रालय को भेजी जांच रिपोर्ट में खुलासा किया है कि नेपाल में सक्रिय चीनी तस्कर समूह ने एक साल के भीतर करीब तीन हजार किलो सोने की तस्करी की है। सोने की तस्करी मामले में सबसे अधिक माओवादी नेताओं के शामिल होने की बात कही गई है।

नेपाल में पकड़ी गई सोने की बड़ी खेप के बाद सीआईबी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। करीब 6 महीने की जांच के बाद सीआईबी को पता लगा कि पिछले 12 महीने में नेपाल के रास्ते 2931 किलो सोने की तस्करी की गई है। इस जांच समिति का नेतृत्व कर रहे सीआईबी के एसएसपी दिनेश आचार्य ने बताया कि नेपाल में 90 प्रतिशत सोने की तस्करी चीनी गिरोह द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि सोने की तस्करी के लिए चीनी गिरोह ब्रेक शू, शेविंग मशीन, वाटर पम्प, स्मार्ट वाच, ई-सिगार सहित कई इलेक्ट्रानिक सामानों में सोना छिपाकर लाने का खुलासा हुआ है।

नेपाल में एक क्विंटल सोना पकड़े जाने के बाद हुई जांच में इस काम में चीनी गिरोह के सक्रिय होने और देश के बड़े नेताओं और मंत्रियों तक के शामिल होने की बात सामने आई थी। जांच रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजनीतिक और सरकारी संरक्षण मिलने के कारण चीनी तस्कर गिरोह यह काम करता आया है और अभी भी जारी है। अब तक इस मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे, पूर्व स्पीकर, उनके बेटे, कुछ मंत्रियों की ओर से चीनी गिरोह को संरक्षण देने और तस्करी में सीधे शामिल होने की बात कही गई है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है, जिनमें पूर्व स्पीकर से लेकर पूर्व मंत्री तक शामिल है।

## इटली : इन दिनों इटली की बहुत चर्चा है भारत में, इटली से आई है यह खबर



इतालवी व्यापार एजेंसी के निदेशक एंड्रिया मैकानिको ने बाकू में कहा कि अजरबैजान और इटली के बीच आर्थिक संबंध बहुत अच्छे स्तर पर हैं। वहीं अजरबैजान इटली के सबसे महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है।

सहयोग को मजबूत करने की संभावना

इतालवी व्यापार एजेंसी के निदेशक एंड्रिया मैकानिको ने बाकू में कहा कि इतालवी कंपनियां अजरबैजान के कराबाख क्षेत्र में निर्माण और बहाली कार्य में सक्रिय रूप से शामिल हैं, और जैसे-जैसे क्षेत्र ठीक हो रहा है, सहयोग को मजबूत करने की संभावना है।

**कुछ इतालवी कंपनियां डिजाइन में लगी हुई**

इतालवी कंपनियां कराबाख में डिजाइन में लगी हुई हैं। हरित प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके काराबाख के निर्माण और पुनर्निर्माण की संभावनाओं में विशेष रुचि रखती हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति ने फिर इजरायल को पलटवार की चेतावनी दी

बर्लिन। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने एक बार फिर इजरायल पर ईरान के हालिया हवाई हमले के बाद सैन्य जवाबी हमला करने के खिलाफ इजरायल को चेतावनी दी है।कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी के साथ एक टेलीफोन कॉल के दौरान रायसी ने चेतावनी दी कि ईरान के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ इजरायल द्वारा "थोड़ी सी कार्रवाई" के "व्यापक और दर्दनाक परिणाम होंगे।" कॉल का विवरण ईरान के राष्ट्रपति कार्यालय के वेब पोर्टल पर प्रकाशित किया गया था।

ईरान ने हाल ही में इजरायल को उसके बड़े पैमाने पर हमले के लिए सैन्य प्रतिक्रिया की कई बार चेतावनी दी है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# नेपाल : आईपीएल में 57 करोड़ रुपये की सट्टेबाजी कराने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में रहकर आईपीएल खेलों में सट्टेबाजी करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इस सीजन के आईपीएल खेलों में ऑनलाइन सट्टेबाजी करने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने छापा मारकर इन तीनों को गिरफ्तार किया है।

रूस की ऑनलाइन बेटिंग एप वॉन एक्स बेट के जरिए आईपीएल खेलों में सट्टेबाजी कराने के आरोप में सलार्ही जिले के मलंगवा में एक सिमकार्ड विक्रेता की दुकान पर छापा मारने के बाद यह खुलासा हुआ। छापेमारी के दौरान पुलिस को वहां से 21 से अधिक मोबाइल फोन, 97 बैंक खातों का रिकार्ड भी मिला।

क्राइम ब्रांच के एसपी रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि पकड़ा गया संजय कुमार साह वॉन एक्स बेट का नेपाली एजेंट है। फोटोकॉपी और सिमकार्ड बेचने वाले दुकान से यह सट्टेबाजी का धंधा चला रहा था। रेग्मी के मुताबिक इस सीजन के आईपीएल में अब तक 57 करोड़ 46 लाख रुपये का सट्टा लगाया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक सिमकार्ड खरीदने वालों के परिचय पत्र का दुरुपयोग कर आरोपित संजय साह ने 97 बैंक खाते खोल रखे थे। इन सभी बैंक अकाउंट में ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा लेकर सट्टेबाजी के लिए इन खातों का प्रयोग किया जा रहा था।

क्राइम ब्रांच के एसपी ने बताया कि मुख्य सट्टेबाज संजय को सहयोग करने के आरोप में रामजी साह और राकेश चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया है। हर सट्टेबाजी के लिए ऑनलाइन बेटिंग एप के तरफ से इन नेपाली एजेंट को 7 प्रतिशत का कमीशन मिलता था। इसमें दो प्रतिशत रकम एप में अपने मोबाइल नंबर का प्रचार करने के लिए जमा करता था और बाकी पांच प्रतिशत उसका मुनाफा होता था। एसपी ने बताया कि इस सीजन के 25 खेलों में 57 करोड़ रुपये से अधिक की सट्टेबाजी करा चुका था, जिसमें उसको 4 करोड़ रुपये का मुनाफा हो चुका है। रेग्मी ने यह भी बताया कि ये सभी लेनदेन क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रहा था।

# पाकिस्तान पुलिस का दावा, सरबजीत का हत्यारा तांबा है जिंदा

**लाहौर।** पाकिस्तान की जेल में कई झूठे आरोपों में सजा पाए भारतीय मूल के सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने का आरोपित आमिर सरफराज तांबा अभी जिंदा है, यह दावा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने किया है। ज्ञात रहे कि सरबजीत सिंह की 2013 में पाकिस्तान के जेल में हत्या करने का आरोपित तांबा है, जिसकी एक दिन पहले अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या करने की सूचना सामने आई थी। हालांकि इस नाटकीय घटना क्रम के बीच पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि वह अब भी जिंदा है। जबकि एक दिन पहले सामने आई सूचना में पता चला था कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर यहां सनंत नगर स्थित उसके आवास पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। लाहौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशंस सैयद अली रजा ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तांबा अब भी जीवित है, लेकिन गंभीर रूप से घायल है। हालांकि, सोमवार को एसएसपी के बयान के बारे में लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने इस मामले को संवेदनशील बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि एसएसपी रजा ने यह नहीं बताया कि अगर तांबा जीवित है तो उसे चिकित्सा उपचार के लिए कहां स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है। मंत्री होने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, ह्लअतीत में यहां कुछ हत्या की घटनाओं में भारत सीधे तौर पर शामिल था।

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और इस स्तर पर इस (तांबा) मामले में भारत की संलिप्तता के बारे में कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उन्हें भारत की संलिप्तता का संदेह है। यहां पैटर्न के लिहाज से एक समारूपता है। पुराना लाहौर के घनी आबादी वाले इलाके सनंत नगर में रविवार दोपहर को दो बंदूकधारियों ने तांबा की उसके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी। तांबा के खून से लथपथ शव की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पुलिस ने तांबा के छोटे भाई जुनैद सरफराज की शिकायत पर दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। तांबा और उसके साथी मुदस्सर, मौत की सजा पाए दो पाकिस्तानी कैदियों, ने 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में 49 वर्षीय सिंह पर हमला किया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। वर्ष 2018 में एक पाकिस्तानी अदालत ने सिंह की हत्या के मामले में दोनों को उनके खिलाफ सबूतों की कमी का हवाला देते हुए बरी कर दिया था।

## नेपाल : सहकारी घोटाले की चार्जशीट में गृहमंत्री रवि का नाम, इस्तीफे की आवाज उठने लगी

**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में दायर की गई चार्जशीट में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम आने के बावजूद उनको अभियुक्त न बनाए पर विपक्षी पार्टी से लेकर सत्ता गठबंधन तक में उनके इस्तीफे की आवाज उठने लगी है। चार्जशीट में उन पर गैर कानूनी तरीके से 2 करोड़ रुपये ऋण के रूप में लेने की बात कही गई है।

सुप्रीम सहकारी घोटाले की जांच में खुलासा हुआ है कि गृहमंत्री रवि लामिछाने के नाम पर दो करोड़ रुपये का ऋण लेने संबंधी दस्तावेज मौजूद हैं। हालांकि, इस मामले में गृहमंत्री ने कई बार कहा है कि उन्होंने किसी भी प्रकार का कोई ऋण नहीं लिया है। रवि लामिछाने जिस टीवी चैनल के मैनेजिंग डाइरेक्टर हुआ करते थे, उस कंपनी के नाम पर भी करोड़ों रुपये के ऋण प्रवाह का सबूत अदालत में दिया गया है। सहकारी घोटाले के प्रमुख अभियुक्त जीबी राई और रवि लामिछाने ने मिल कर गैलेक्सी टीवी चैनल खोला था, जिसमें पूरा निवेश सहकारी बैंक के बचतकर्ताओं के पैसे से ही हुआ था।

नेपाल के कानून के मुताबिक सहकारी बैंकों से सिर्फ उसी को ऋण दिया जा सकता है, जो उस सहकारी बैंक में बचतकर्ता हो लेकिन इस कानून का पालन किया गया। चार्जशीट में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम आने के बावजूद उनको अभियुक्त नहीं बनाए जाने के कारण विपक्षी पार्टी से लेकर सत्ता गठबंधन तक में उनके इस्तीफे की आवाज उठने लगी है। विपक्षी दल पहले से ही इस्तीफे की मांग कर रहा था और अब सत्ता गठबंधन से जुड़े कुछ नेता भी नैतिकता के नाम पर इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेपाल-भारत सीमा तीन दिन तक सील रहेगी

**काठमांडू।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर नेपाल-भारत सीमा को तीन दिनों तक सील किया जायेगा। पहले चरण में उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल, बिहार से जुड़ी सीमा को सील किया जा रहा है।

नेपाल और भारत के सीमावर्ती इलाकों के पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में सीमा को सील करने और इस दौरान अत्यावश्यक गाड़ियों जैसे एम्बुलेंस और दमकल वाहनों को आवाजाही के लिए अनुमति देने को लेकर चर्चा हुई है। भारत में 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान को लेकर सीमावर्ती इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पहले चरण में उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल से लगी सीमा को मंगलवार शाम से सील किया गया है। बिहार और उत्तर प्रदेश से लगी नेपाल की सीमा को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलाधिकारी और नेपाल की तरफ से कैलाली कंचनपुर के जिलाधिकारी की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया। अत्यावश्यक वाहनों को प्रवेश के लिए ट्रांजिट पास की व्यवस्था की गई है। पहले चरण के मतदान में उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले मतदान को देखते हुए इन दो राज्यों से लगी सीमा को हाईअलर्ट पर रखा गया है।

# आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले ट्रंप पर चुनाव से पहले मंडरा रहे संकट के बादल

**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा सोमवार को शुरू हो गया, जिससे वह अमेरिकी इतिहास में आपराधिक मामले का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए, जिससे नवंबर में होने वाले चुनाव में उनकी उम्मीदवारी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए।

दुनियाभर में रुचि के साथ देखे गए एक मुकदमे में ट्रंप को एक पोर्न अभिनेत्री को यौन संबंध बनाने के आरोपों के बारे में चुप कराने के लिए अपनी कंपनी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर उसे पैसे देने के आरोप में आपराधिक सजा और जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है।

रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडेन पर मामूली बढ़त है। चुनाव से सात महीने पहले उन्हें मैनहट्टन कोर्ट रूम में सप्ताह में चार दिन पेश होना पड़ेगा।

इस मुकदमे में भले ही उन्हें दोषी ठहराया जाए, मगर उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने और चुने जाने से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि संविधान आपराधिक सजा वाले उम्मीदवार पर मौन है।

मैनहट्टन मामला संभवतः चुनाव से पहले सुनवाई के लिए आने वाला एकमात्र आपराधिक मामला होगा, क्योंकि जॉर्जिया में चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला दूसरा मामला जो तेजी से आगे बढ़ रहा था, आरोपों के कारण अटक गया है। अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ हितों का टकराव पैदा करने के मामले में मुकदमा चलाने में मदद के लिए एक ब्यॉयफ्रेंड को करदाताओं को 650,000 डॉलर देने की कीमत पर काम पर रखा था।



ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी, 2021 के दंगों के कारण चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला संघीय आपराधिक मामला भी लंबित है। यह मामला उस समय का है, जब कांग्रेस को बाइडेन के चुने जाने की पुष्टि करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने कैपिटल में तोड़-फोड़ की थी। सुप्रीम कोर्ट को अब राष्ट्रपति पद के उनके दावों पर फैसला करना है।

उनके खिलाफ एक और लंबित संघीय आपराधिक मामला वगीर्कृत दस्तावेजों को नष्ट करने को लेकर है।

ट्रंप ने अदालत कक्ष में प्रवेश करने से पहले कहा : "यह राजनीतिक उत्पीड़न है, यह ऐसा उत्पीड़न है जैसा पहले कभी नहीं हुआ, किसी ने भी ऐसा कभी नहीं देखा है।"

अभियोजकों ने कहा है कि अभियोजन केवल यह दशार्ता है कि लोकतंत्र में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

वह जब निजी गुप्त सेवा गार्डों के साथ एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में पहुंचे, तो बाहर उनका समर्थन करने वाले और उनका विरोध करने वाले लोग चिल्लाते हुए वहां जमा हो गए।

अदालत कक्ष के अंदर ट्रंप अपने वकीलों के साथ एक मेज पर बैठे। उन्होंने अंतिम समय में न्यायाधीश जुआन मर्चन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए उन्हें खुद को सुनवाई से अलग करने के लिए कहा।

मर्चन के साथ ट्रंप की कई झड़पें हुई हैं, उन्होंने मांग ठुकरा दी और मुकदमे को आगे बढ़ाया।

मैनहट्टन के उप लोक अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने ट्रंप के खिलाफ मामलों की दोबारा गिनती शुरू की। उन्होंने कहा कि कुल 34 आरोप हैं। उन्होंने बचाव पक्ष के वकीलों के साथ बातचीत की कि विवादों पर मर्चन के सामने कौन से सबूत पेश किए जा सकते हैं।

राज्य प्रक्रियाओं के तहत मुकदमे का शुरूआती चरण 12 जूरी सदस्यों का चयन है, जो शुरू होने वाला है।